नई दिल्ली
मंगलवार, 30 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 27, अंक : 295
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 18
न्यून. 12

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

27 फरवरी को होगा मतदान

देश भर के 15 राज्यों की रिक्त हो रही 56 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी

15 फरवरी तक नामांकन दाखिल होंगे
16 फरवरी को नामांकन की जांच
20 फरवरी तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग से राज्यसभा की रिक्त होने वाली देश भर के 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए सोमवार को चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। सभी सीटों के लिए 8 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी। 15 को नामांकन, 16 को स्क्रूटनी तथा 20 फरवरी को नाम वापसी का अंतिम दिन तय किया गया है। मतदान 27 फरवरी को होगा। उसी दिन शाम 5 बजे तक मतगणना होगी। 29 को चुनाव कार्यक्रम खत्म होने के साथ ही विजेताओं की घोषणा कर दी जाएगी।

चुनाव आयोग ने बताया कि 13 राज्यों के 50 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, जबकि 2 राज्यों के शेष 6 सदस्य 3 अप्रैल को कार्यकाल पूरा कर लेंगे। जिन 15 राज्यों में राज्यसभा चुनाव होने हैं उनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं।

राज्यसभा के जिन सांसदों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होने वाला है, उनमें 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। इनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा (हिमाचल प्रदेश), रेलवे, आईटी व संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव (ओडिशा), आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर (कर्नाटक), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे (महाराष्ट्र), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (मध्य प्रदेश), स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया (गुजरात) और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव (राजस्थान) हैं।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह (राजस्थान) का कार्यकाल भी इस साल अप्रैल में समाप्त हो जाएगा। 2 अप्रैल, 2024 को यूपी से 10, महाराष्ट्र और बिहार से 6-6, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल से 5-5, गुजरात ▸▸ शेष पेज 5 पर

8 फरवरी को जारी होगी अधिसूचना

राज्यसभा में होने जा रही रिक्त सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना 8 फरवरी को जारी होगी और नामांकन 15 फरवरी तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन की जांच 16 फरवरी को होगी। 20 फरवरी तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकते हैं। मालूम हो कि राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों की ओर से अप्रत्यक्ष तौर पर किया जाता है। राज्यसभा एक स्थायी सदन है। इसके एक-तिहाई सदस्य हर दो साल में अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं, जिससे सदन के कामकाज में निरंतरता बनी रहती है। राज्यसभा सांसद का कार्यकाल 6 साल का होता है।

इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लगभग दो करोड़ 26 लाख पंजीकरण कराए गए

'परीक्षा पे चर्चा': भारत मंडपम में पीएम मोदी ने करीब 3 हजार विद्यार्थियों से संवाद किया और परीक्षा के 'तनाव व दबाव' से निपटने के तरीके बताए

बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को माता-पिता अपना 'विजिटिंग कार्ड' न बनाएं... और टीचर का काम छात्रों के जीवन को संवारना है

1 पीएम मोदी ने कहा कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं, चुनौती जाएगी। स्थितियां सुधर जाएंगी, इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया हुआ नहीं रहता हूं।

2 अगर जीवन में चुनौती और स्पर्धा न हो, तो जीवन प्रेरणाहीन और चेतनाहीन बन जाएगा। इसलिए प्रतिस्पर्धा तो होनी ही चाहिए, लेकिन स्वस्थ होनी चाहिए।

3 स्वस्थ दिमाग के लिए एक स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है और इसके लिए कुछ दिनचर्या, सूरज की रोशनी में समय बिताना और नियमित और पूरी नींद लेना आवश्यक।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी बच्चों के लिए मोटिवेटर बने। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' के सातवें संस्करण में भारत मंडपम में करीब 3 हजार विद्यार्थियों से संवाद में कहा कि टीचर का काम छात्रों के जीवन को संवारना है। जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है।

शिक्षकों को अपने काम को केवल नौकरी के रूप में नहीं लेना चाहिए बल्कि उन्हें इसे छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लेना चाहिए। शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। ▸▸ शेष पेज 5 पर

दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करें

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से कहा कि दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करें। अगर जीवन में चुनौती और स्पर्धा न हो, तो जीवन प्रेरणाहीन और चेतनाहीन बन जाएगा। इसलिए प्रतिस्पर्धा तो होनी ही चाहिए, ▸▸ शेष पेज 5 पर

माता-पिता को एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ माता-पिता अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड मानते हैं, यह अच्छा नहीं है। आपको एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। परीक्षा के तनाव को विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे परिवार और टीचर को मिल कर एड्रेस करना चाहिए।

जागते समय पूरी तरह जागें, सोते समय पूरी तरह सोएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'स्क्रीन टाइम' नींद के समय को खा जाता है। उन्होंने कहा कि वह बिस्तर पर जाने के 30 सेकंड के भीतर सो जाते हैं। उन्होंने छात्रों को 'स्क्रीन टाइम' के प्रति आगाह किया, जिससे नींद में खलल पड़ता है। उन्होंने कहा कि संतुलित जीवनशैली बनाए रखने के लिए हर चीज की अधिकता से बचना चाहिए। स्वस्थ दिमाग के लिए एक स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है और इसके ▸▸ शेष पेज 5 पर

ये भी मंत्र दिए

- मोबाइल पर कितनी ही प्रिय चीजें क्यों न आ रही हों, लेकिन उसका एक समय तय करना बहुत जरूरी है
- टीचर्स को बच्चों से घुलना मिलना चाहिए। क्लास में सहज माहौल बनाना चाहिए, जिससे बच्चे आपमें रूचि लें।
- हमें आदत डालनी चाहिए कि हम निर्णायक बनें। अनिर्णायकता बहुत खराब होती है। उससे बाहर आना चाहिए।
- लिखने की प्रैक्टिस जरूर करें, जितना लिखेंगे उतनी स्पीड आएगी और गलतियां समझ आएंगी।



गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

सिमी पर बढ़ाया गया पांच साल का प्रतिबंध

देश के लिए खतरा है सिमी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक नया आदेश जारी करते हुए पहले से ही प्रतिबंधित आतंकी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर पांच साल के लिए बैन बढ़ा दिया है। यह कार्रवाई यूएपीए कानून के तहत की गई है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट के जरिए इस बैन को बढ़ाए जाने के आदेश की जानकारी साझा की। गृह मंत्रालय ने पोस्ट में लिखा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण के तहत सिमी को यूएपीए के तहत अगले पांच सालों के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि सिमी को भारत ▸▸ शेष पेज 5 पर

विवाद खत्म : शिक्षा मंत्रालय ने साफ किया- किसी भी आरक्षित पद का आरक्षण समाप्त नहीं किया जाएगा

आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं कर सकते, यूजीसी के सुझाव 'खारिज'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया था कि किसी भी आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं किया जा सकता। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक मसौदा दिशा-निर्देशों के बाद आया। यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों में प्रस्ताव किया गया था कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं।

'उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश' हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के लिए जारी किए गए थे। शिक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (शिक्षकों के संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार शिक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के सभी पदों के लिए केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद, किसी भी आरक्षित पद का आरक्षण समाप्त नहीं किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (शिक्षकों के संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार शिक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के सभी पदों के लिए केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान किया जाता है।

ये था सुझाव

यूजीसी ने प्रस्ताव किया गया था कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं।

क्या थे नए ड्राफ्ट में दिशा-निर्देश?

आरक्षित रिक्ति को एससी या एसटी या ओबीसी अभ्यर्थी के अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी द्वारा नहीं भरा जा सकता। एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षित करने की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है। हालांकि समूह 'ए' सेवा में जब कोई रिक्ति सार्वजनिक हित में खाली नहीं छोड़ी जा सकती। ऐसे में इस तरह के दुर्लभ और असाधारण मामलों में संबंधित विश्वविद्यालय रिक्ति के आरक्षण को रद्द करने का प्रस्ताव तैयार कर सकता है। प्रस्ताव में पद भरने के लिए किए गए प्रयास सूचीबद्ध करने होंगे, रिक्ति को क्यों खाली नहीं रखा जा सकता, इसका कारण बताना होगा और ▸▸ शेष पेज 5 पर

शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) को 2019 अधिनियम के अनुसार रिक्तियों को भरने के निर्देश दिए हैं। इस मुद्दे पर यूजीसी अध्यक्ष एम जगदेश कुमार ने भी स्पष्ट किया कि अतीत में केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) में आरक्षित ▸▸ शेष पेज 5 पर

राहुल की राजनीति पूरी झूठ पर आधारित

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'राहुल गांधी की राजनीति पूरी तरह से झूठ पर आधारित है। जैसे ही एक झूठ उजागर होता है, वे दूसरा झूठ लेकर खड़े हो जाते हैं।'

आरक्षण खत्म करने साजिश हो रही है

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 'यूजीसी के नए ड्राफ्ट में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं।'

खबर संक्षेप

आरएसएस मुख्यालय पर नहीं उड़ा पाएंगे ड्रोन

नागपुर। नागपुर पुलिस ने यहां स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय को संभावित खतरे का हवाला देते हुए 28 मार्च तक उसके ऊपर ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाने के साथ ही परिसर की तस्वीर लेने एवं वीडियो बनाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। संघ मुख्यालय शहर के महल इलाके में स्थित है। संयुक्त पुलिस आयुक्त अस्वती दोर्जे ने (सीआरपीसी) की धारा 144 (1) (3) के तहत रविवार को आदेश दिया। संघ मुख्यालय घनी आबादी वाले इलाके में है।

नया आईएमपीएस मनी ट्रांसफर नियम 1 से

नई दिल्ली। अगले महीने की शुरुआत यानी 1 फरवरी 2024 से आईएमपीएस के जरिए मनी ट्रांसफर करने के नए नियम लागू होने जा रहे हैं। इस तारीख से यूजर्स सिर्फ प्राप्तकर्ता का मोबाइल नंबर और बैंक खाता नाम जोड़कर आईएमपीएस के जरिए मनी ट्रांसफर कर सकेंगे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, इसमें लाभार्थी जोड़ने की जरूरत नहीं है। ऑनलाइन मोड ने एक बैंक से दूसरे बैंक में धन हस्तांतरण को परेशानी मुक्त बना दिया है।

केंद्रीय बजट 2023-24 को लेकर

सरकार ने आज सुबह बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार सुबह 11.30 बजे केंद्रीय बजट 2023-24 को लेकर सभी दलों से इस चर्चा में शामिल होने की अपील की है। बता दें यह पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट है। इसमें सरकार अगले वित्त वर्ष के लिए अपना एजेंडा सामने रखेगी। सरकार दलों को अपने मुद्दों के बारे में बतलाएगी।

वित्त मंत्रालय का अनुमान 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की होगी अर्थव्यवस्था

वित्त मंत्रालय ने देश की अर्थव्यवस्था पर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। अगले तीन सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, तत्काल रोक लगाने के दिए निर्देश

कोर्ट में जाति-धर्म की पहचान नहीं होगी उजागर!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा, हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

राजस्थान के मामले में हो रही थी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की एक कुटुम्ब कोर्ट में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए ऐसे निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से वकीलों और कोर्ट रजिस्ट्री को इसका पालन करना है। बेंच ने कहा कि कोर्ट को फैसला लेने के लिए किसी की जाति और धर्म की जानकारी लेने से कोई मतलब नहीं होता है।

इधर, दो जजों में रार, मामले की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

कलकत्ता हाईकोर्ट के दो जजों जस्टिस अभिजीत गांगुली और जस्टिस सौमेन सेन की बीच झगड़े पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। दोनों जजों में मची रार की जड़ बने जाति प्रमाण पत्र घोटाले के केस को सुप्रीम कोर्ट ने अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। इसका मतलब हुआ कि इस मामले की सुनवाई अब खुद शीर्ष अदालत करेगी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला लिया है। इस बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अनिरुद्ध बोस भी शामिल हैं। हाई कोर्ट जजों के बीच छिड़े विवाद पर अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया था और अब उसकी ओर से यह फैसला आया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी का ऐलान

उत्तराखंड में 2 फरवरी को यूसीसी कमेटी सरकार को सौंपेगी 'रिपोर्ट'

27 मई, 2022 को कमेटी गठित की थी

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाली 2 फरवरी को यूसीसी ड्राफ्ट को कैबिनेट में पेश किया जाएगा। धामी ने कहा कि कमेटी ने अपना काम पूरा कर लिया है और हमें 2 फरवरी को इसका ड्राफ्ट मिल जाएगा। धामी ने कहा कि हमने 2022 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता से वादा करते हुए समान नागरिक संहिता (यूसूसू) लागू करने का संकल्प लेते हुए 27 मई, 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता पर एक पैनल का गठन किया था। समिति ने अपना काम पूरा कर लिया है और 2 फरवरी को यूसीसी ▸▸ शेष पेज 5 पर

पति और दो अन्य बच्चों का अस्पताल में चल रहा इलाज

अंगीठी के धुएं से दम घुटने पर महिला और बेटे की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में एक महिला और उसके दो साल के बेटे की कमरे में जल रही कोयले की अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। महिला के पति और दो अन्य बच्चों का इलाज सफदरजंग अस्पताल में हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह छह बजकर 16 मिनट पर पुलिस को उनकी हालत के बारे में सूचित किया गया और उन्हें दक्षिण दिल्ली के मैदान गढ़ी इलाके से अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान अंजलि (23) और उसके बेटे शंभू की मौत हो गई। दिनेश, दिव्यांश (छह) और देवांशी (चार) अस्पताल में भर्ती हैं।

पुलिस ने कहा कि संदेह है कि शनिवार-रविवार की रात अंगीठी का धुंआ कमरे में भर गया जो बिल्कुल हवादार नहीं था। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए लोग आमतौर पर खुद को गर्म रखने के लिए अंगीठी जलाते हैं। एक अधिकारी ने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी का संदेह नहीं है और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 174 के तहत जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि परिवार असोला में पिछले दो साल से किराए के मकान में रहता था। उन्होंने कहा कि दिनेश मैदान गढ़ी इलाके में एक फार्महाउस में माली के रूप में काम करता है।

मालखाने में आग लगने से 450 वाहन जलकर खाक

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के वजीराबाद स्थित 'मालखाना' (यार्ड) में सोमवार तड़के आग लगने से कम से कम 450 वाहन जलकर खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'मालखाना' वह स्थान है जहां जब्त किए गए वाहन रखे जाते हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग तड़के चार बजे लगी। पांच दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन दो घंटे तक चला और सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मालखाने में खड़े 200 चार पहिया वाहन और 250 दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। यह मालखाना 500 वर्ग गज में फैला हुआ है।

आईपी विश्वविद्यालय एक फरवरी से सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश करेगा शुरू

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपी विश्वविद्यालय एक फरवरी से 31 मार्च तक सभी पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू करेगा। विश्वविद्यालय ने एक एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने अगले अकादमिक सत्र 2024-25 के वास्ते स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए तीन अलग-अलग प्रवेश पुस्तिका जारी की। कुलपति महेश वर्मा ने मीडिया से कहा कि विश्वविद्यालय के पुराने कार्यक्रमों के वास्ते ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एक फरवरी को खुलेगा जबकि नये कार्यक्रमों के लिए यह सात फरवरी से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने शिक्षण के दायरे का विस्तार करते हुए दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षण केंद्र की भी स्थापना की है। वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने पीएचडी में प्रवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के वास्ते भी द्वार खोल दिये हैं। विश्वविद्यालय ने अपने सभी पाठ्यक्रमों के वास्ते एनईपी अपनायी है और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रवेश/निकास का लाभ मिलेगा।

दिल्ली एयरोसिटी-तुगलकाबाद मेट्रो कॉरिडोर का रंग कोड सिल्वर से बदलकर हुआ गोल्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीएमआरसी ने फैसला लेते हुए दिल्ली एयरोसिटी-तुगलकाबाद मेट्रो कॉरिडोर का रंग कोड सिल्वर लाइन से बदलकर अब गोल्डन लाइन किया है। कलर कोड बदलने के पीछे डीएमआरसी का तर्क है कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि ट्रेनों पर चांदी जैसे कलर की बजाय सुनहरे रंग को आसानी से दूर से ही एकदम साफ देखा व पहचाना जा सकता है। जबकि सिल्वर कलर जो मेट्रो ट्रेनों के स्टील बॉडी की समग्र सिलवर कलर की तरह ही नजर आती है उसमें मिल (मिश्रित) हो जाता है। डीएमआरसी ने कहा कि ऐसे में यात्रियों को परेशानी हो सकती है। इसलिए रंग कोड के रूप में सिल्वर को हटाकर गोल्डन कलर को चुना गया है। क्योंकि गोल्डन कलर को दूर से देखकर तुरंत पहचान आसान होती है, इससे यात्रियों को अधिक सुविधा होगी। डीएमआरसी ने बताया कि दिल्ली मेट्रो चरण 4 का एयरोसिटी-तुगलकाबाद मेट्रो कॉरिडोर 15 स्टेशनों व 23.62 किलोमीटर लंबा होगा। यह ट्रेक कश्मीरी गेट-राजा नाहर सिंह वायलेट लाइन को एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से जोड़ेगा और दक्षिणी दिल्ली के कई नए क्षेत्रों को सुविधाजनक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डीएमआरसी ने बताया कि इस कॉरिडोर के मार्च 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

गणतंत्र दिवस : दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ की महिलाकर्मियों को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी का मिला पुरस्कार

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने गणतंत्र दिवस परेड, 2024 में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी का पुरस्कार जीता है। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक दस्तावेज में सोमवार को बताया कि दिल्ली पुलिस ने जूरी की पसंद श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ महिला टुकड़ी की ट्रॉफी जीती, जबकि सीआरपीएफ ने 'लोकप्रिय पसंद श्रेणी' में ट्रॉफी जीती। दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी और पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुमन नलवा ने खुशी जताते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अत्यंत गौरव का क्षण, दिल्ली पुलिस की मार्चिंग टुकड़ी को गणतंत्र दिवस परेड में जूरी की पसंद की श्रेणी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य सहायक बलों के बीच 'उत्कृष्ट मार्चिंग टुकड़ी' घोषित किया गया है। नलवा ने कहा कि कर्तव्य पथ पर दिल्ली पुलिस की नारी शक्ति के लिए वोट करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया। दिल्ली छावनी के आरआर कैंप में 30 जनवरी को अपराह्न साढ़े 12 बजे ट्रॉफी देने का समारोह आयोजित किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के महिला पाइप बैंड ने पहली बार 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। वहीं, सीआरपीएफ को पहली महिला बैंड टुकड़ियों में से एक को तैयार करने का गौरव प्राप्त है। सीआरपीएफ की टुकड़ी में शामिल 100 महिला कर्मियों ने देश के हम हैं रक्षक धुन बजाई थी।

वर्कआउट का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है : इमरान

नई दिल्ली। वर्कआउट का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है ,ताकि लोग खुद के स्वास्थ्य को बेहतर बना सके और खुद को फिट रख सकें। यह बातें सोमवार को दिल्ली के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने एक जिम के उद्घाटन के दौरान कहीं। इस मौके पर निगम पार्षद मो. सादिक , जिम संचालक के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवा मौजूद रहे। मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि वर्तमान समय की मांग को देखते हुए जिम को आधुनिक यंत्र से लैस किया गया है जहां कम फीस में विजिट करके कई तरह के एक्सरसाइज कुशल ट्रेनरों की देखरेख में किया जा सकता है। जिम में कुशल प्रशिक्षक के देखरेख में मांसपेशियों की ताकत, कार्डियो फिटनेस, डांस क्लास, एरोबिक, योगा, जुम्बा क्लास के साथ साथ बॉडी बिल्डिंग सहित हर तरह के व्यायाम की सुविधा है।

कालकाजी मंदिर हादसा : मृतक टीना कैंसर से जूझ रहे अपने बेटे की कर रही थीं अकेले देखभाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बीमार बेटे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने रोजाना सुबह चार बजे मंदिर जाती थीं टीना

दक्षिण दिल्ली के प्रसिद्ध कालकाजी मंदिर में एक मंच गिरने से जान गंवाने वाली टीना के पति वेद प्रकाश ने कहा कि उनकी पत्नी रक्त कैंसर से पीड़ित उनके 21 वर्षीय बेटे की एकमात्र देखभाल करने वाली थीं। वेद अब यह सोचकर बेहद परेशान हैं कि टीना के बिना वह बेटे की अकेले कैसे अच्छी तरह देखभाल कर पाएंगे।

उन्होंने बताया कि टीना (49) अपने बीमार बेटे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने के लिए रोजाना सुबह चार बजे मंदिर जाती थीं। कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी टीना की मौत हो गई और 17 लोग घायल हुए हैं। वेद ने बताया कि शनिवार की रात उनकी पत्नी 'जागरण' में भाग लेने के लिए मंदिर गई थी और रात करीब 12:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर एक मंच गिर गया, जिससे टीना की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना के वक्त टीना मंच के करीब थीं।

वेद ने कहा कि जब मैं अपने काम में व्यस्त रहता था, तो पत्नी टीना हमारे बेटे की देखभाल करती थीं, जो ब्लड कैंसर से पीड़ित है। दंपति के तीन बेटे - वरुण (21), विकास (24) और बलराज (29) हैं। वेद प्रकाश ने बताया कि वरुण ब्लड कैंसर से पीड़ित है और मेरी पत्नी ही उसकी देखभाल कर रही थी। बेटे की दवाएं, भोजन सब कुछ टीना ही संभालती थी। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि रात करीब 12 बजे थे जब मैं घर लौटा और पता चला कि टीना हमारे इलाके की कुछ महिलाओं के साथ जागरण में शामिल होने के लिए कालकाजी मंदिर गई थीं। वेद ने कहा कि बलराज ने अपनी मां को लगभग आधी रात को फोन किया और टीना ने उन्हें बताया कि वह 12:30 बजे तक वापस आ जाएंगी, लेकिन बाद में हमें पुलिस से फोन आया और हमें उनकी मौत के बारे में बताया गया।

हटाए गए मार्शलों ने किया आप पार्टी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गत वर्ष दिल्ली सरकार द्वारा हटाए गए बस मार्शलों ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय डीडीयू मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें सरकार वापस नियुक्त करे। प्रदर्शनकारियों के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से कार्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार बंद करवा दिया और पुलिस बल तैनात कर दिया। कार्यालय के बंद दरवाजे पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने जमकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने नारे लगाए कि अरविंद केजरीवाल होश में आओ, होश में आओ। केजरीवाल तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी। हमारा रोजगार वापस दो, वापस दो जैसे विरोध स्वरूप नारे लगाए। मौके पर मौजूद पुलिस व अन्य सुरक्षा कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने बुझाने की कोशिश की लेकिन वो नहीं माने। जिसके बाद पुलिस ने जबरन प्रदर्शनकारियों को कार्यालय के सामने से हटाना शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा अगर आने वाले तीन दिनों में केजरीवाल सरकार ने हमारी मांग नहीं मांगी तो उसके बाद हटाए गए 10792 मार्शल अपने परिवारों के साथ आप सरकार के सीएम केजरीवाल सहित सभी मंत्रियों के घरों व कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. 25 ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी प्रमाणित 'ए+' ग्रेड

रुचि की अभिव्यक्ति (विज्ञा. पीआर सं. 3 ऑफ 2024)

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर, रोहतक में ठोस कचरे के उपयुक्त प्रबंधन हेतु प्रस्तुतीकरण देने के लिए ठोस कचरा प्रबंधन में लगी हुई इच्छुक पार्टियों से रुचि की एक अभिव्यक्ति एतद द्वारा आमंत्रित की जाती है। रुचि की अभिव्यक्ति का विवरण विश्वविद्यालय वेबसाइट mdurohtak.ac.in पर देखा जा सकता है। प्रस्तुीकरण हेतु सम्मति 16.02.2024 तक दी जा सकती है।

अधिशासी अभियंता (सी-I)
संवाद विज्ञा. सं.-1235/11/117/2024/24501/सी/88/7 दि. 29.01.24

गुमशुदा की तलाश

अनामिका नागर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** अनामिका नागर, **पुत्रीः** सुभाष नागर, **पताः** मकान नं. एफ–147, अल्लाह मोहल्ला, तेहखंड गांव, ओखला फेज–1, दिल्ली, **उम्रः** 25 साल, **कदः** 5', **शरीरः** सामान्य (मध्यम), **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **बालः** काले, **पहनावाः** पीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में सफेद रंग के जूते पहने है, जो दिनांक 16.01.2024 से नई दिल्ली के ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र से लापता है। इस बाबत **DD No. 32A, दिनांकः 19.01.2024, थानाः ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/942/SE/2024

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशनः
ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली
फोनः 8745871623

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि बिपिन @ गोरा, पुत्र राकेश कुमार, निवासी डी–7, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, आनंद पर्वत, दिल्ली. ने **FIR No.173/2013 U/s 354/354D IPC,** थाना आनंद पर्वत, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त बिपिन @ गोरा मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त बिपिन @ गोरा फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **FIR No.173/2013 U/s 354/354D IPC,** थाना आनंद पर्वत, दिल्ली के उक्त अभियुक्त बिपिन @ गोरा से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.03.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
अलका सिंह
महानगर दण्डाधिकारी(महिला नयायालय)–03
तीस हजारी, न्यायालय, दिल्ली

DP/999/CD/2024

आरोपी लड़कों ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर किया साझा

'दोस्तों' ने किशोर को जूते चाटने, आप्रकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए किया मजबूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के हौज खास इलाके में 14 वर्षीय लड़के को उसके तीन दोस्तों ने कथित तौर पर जूते चाटने और 'अप्राकृतिक यौन संबंध' बनाने के लिए मजबूर किया। आरोपी लड़कों ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना रविवार रात सामने आई, जब तीन किशोर आरोपियों में से एक ने पीड़ित की मां को वीडियो भेजा, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने कहा कि वीडियो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया गया है, जिसमें आरोपियों ने पीड़ित लड़के से चाकू की नोक पर पहले अपने जूते चटवाए और फिर उसे 'अप्राकृतिक यौन कृत्य' करने के लिए मजबूर किया। एक अधिकारी ने कहा कि रविवार रात एक पीसीआर कॉल मिलने पर स्थानीय पुलिस उस स्थान पर पहुंची जहां कॉल करने वाली महिला ने कहा कि कुछ लड़कों ने उनके 14 वर्षीय बेटे के साथ

अप्राकृतिक कृत्य किया था और उनके मोबाइल फोन पर वीडियो क्लिप भेजा। पुलिस लड़के को चिकित्सा जांच और फिर परामर्श के लिए लेकर गई। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित के अनुसार, वह हौज खास के सेंट्रल पार्क में खेलने के बाद शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे घर जा रहा था और इसी दौरान उसके 12 से 14 साल की उम्र के तीन दोस्तों ने उसे अपने साथ एक सुनसान जगह जाने के लिए मजबूर किया। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एक आरोपी ने सब्जी काटने वाला चाकू पीड़ित पर तान दिया और तीनों ने उसे 'अप्राकृतिक यौन कृत्य' करने को मजबूर किया और इस हरकत की अपने मोबाइल फोन में वीडियो बनाई। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने पीड़ित को इस कृत्य के बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि डर के चलते लड़के ने घटना के बारे में अपने माता-पिता को नहीं बताया। पीड़ित के बयान के आधार पर हौज खास पुलिस थाने में भादंवि की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध) और 506 (आपराधिक धमकी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

यौन उत्पीड़न मामला: स्कूल वैन चालक को बरी किए जाने के खिलाफ सरकार की अपील खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न के आरोपों से स्कूल वैन के चालक को बरी किए जाने के खिलाफ दायर सरकार की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने तीन और चार वर्ष की पीड़ितों की गवाही पर गौर किया। अदालत ने कहा कि गवाही से किसी भी प्रकार के गंभीर यौन उत्पीड़न का संकेत नहीं मिला है। पीठ ने कहा कि...दोनों पीड़ितों की गवाही को ध्यान में रखते हुए, हमारा मानना है कि सरकार ऐसा कोई मामला नहीं बना पाई, जो हमें अपील की अनुमति देने के लिए बाध्य करे। अदालत ने राज्य को अपील करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी। अपील करने की अनुमति एक अदालत द्वारा किसी पक्ष को हाईकोर्ट में किसी फैसले को चुनौती देने के लिए दी जाने वाली एक औपचारिक अनुमति होती है। व्यक्ति के वकील ने दलील दी कि निचली अदालत के आदेश में कोई खामी नहीं है और उसने दोनों पीड़ितों की गवाही पर गौर करने के बाद उनके मुवक्किल को बरी किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी एक स्कूल वैन का चालक था और दोनों नाबालिग लड़कियां उसकी वैन में स्कूल जाती थीं। आरोप था कि चालक ने उन दोनों का यौन उत्पीड़न किया था। निचली अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि बच्चियों की गवाही पर विश्वास नहीं किया जा सकता और उनकी कम उम्र को ध्यान में रखते हुए इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्हें ऐसा कहने के लिए सिखाया-पढ़ाया गया हो।

सूर्या इंडिया लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : बी–1/एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044
CIN: L74899DL1985PLC019991; Tel.: +91 11 45204115; Fax: +91 11 28898016
Email: cs@haldiram.com; website: www.suryaindialtd.com

31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
(राशि लाखों में, यदि अन्यथा वर्णित नहीं)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह		समाप्त वर्ष
		31.12.2023	30.09.2023	31.12.2022	31.12.2023	31.12.2022	31.03.2023
		अअंकेक्षित			अअंकेक्षित		अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	148.16	106.84	147.32	346.99	331.81	430.35
2	कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि)	67.84	32.43	70.49	113.11	71.11	79.34
3	कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि)	67.84	32.43	70.49	113.11	71.11	79.34
4	कर के बाद और असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि)	58.43	25.53	50.88	91.39	51.31	58.13
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	58.43	27.87	51.31	92.70	55.24	(563.06)
6	भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के)	698.58	698.58	698.58	698.58	698.58	698.58
7	रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार	-	-	-	-	-	12,446.11
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)						
	1. बेसिक : (रु. में)	0.84	0.37	0.73	1.31	0.73	0.83
	2. डायल्यूटेड : (रु. में)	0.84	0.37	0.73	1.31	0.73	0.83

टिप्पणियां :–
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक और नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा 29 जनवरी 2024 को आयोजित उनकी बैठक में कर ली गई और उसके पश्चात 29 जनवरी 2024 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. पूर्ववर्ती तिमाही/नौ माह/ वर्ष के आंकड़े, जहां आवश्यक है, रिग्रुप्ड और रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
4. प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) में अन्य आय शामिल नहीं है।

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00011450

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.01.2024

खबर संक्षेप

एलजी ने दी जेएनयू कैंपस से पेड़ों को अन्य स्थान पर लगाने की अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पुराने जेएनयू कैंपस में सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) के भवन निर्माण के लिए 134 पेड़ों को हटाकर अन्य स्थान पर लगाने की अनुमति दे दी है। जिसके बाद निर्माण में आ रही समस्या का समाधान हो गया है। इस बारे में राजनिवास के अधिकारियों का कहना है कि उक्त परियोजना के लिए 134 पेड़ों को हटाने के अलावा दो पेड़ों की कटाई की भी अनुमति दे दी है। अधिकारियों की मानें तो इन सभी पेड़ों को अन्यत्र उगाने के अलावा क्षतिपूर्ति के तौर पर 76.38 लाख रुपये की लागत से 1340 (नये) पेड़ लगाने पड़ेंगें। इस मामले पर वन एवं वन्यजीव विभाग ने उपराज्यपाल सक्सेना को जानकारी देते हुए बताया कि देशी प्रजातियों के इन 134 पेड़ों में से 132 को पुराने जेएनयू से हटाकर महरौली में लगाया जाएगा तथा विदेशी प्रजातियों के दो पेड़ों की क्षतिपूर्ति करने को लेकर भी योजना बनाई है।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी फंड के लिए दिया 1.35 लाख का दान

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों से पहले लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं से चंदा मांग रही कांग्रेस को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने 1 लाख 35 हजार रुपए का दान दिया है। लवली ने दान की रशीद को सार्वजनिक करते हुए अपने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया और लोगों से फंड देने की अपील की। इस बारे में मिली जानकारी अनुसार लवली ने यह फंड पार्टी द्वारा गत दिनों शुरू किए गए ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान, डोनेट फॉर देश के तहत दिया है। लवली ने अपनी दान की रशीद पोस्ट की और लिखा कि देश में संविधान विरोधी ताकतों को शिकस्त देने के लिए विपक्ष को सक्षम और सशक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। न्याय की लड़ाई के इस महायज्ञ में मैने भी अपनी छोटी सी आहुति दी। उन्होंने लिखा कि आइए आप भी डोनेट फॉर देश अभियान में हिस्सा लेकर न्याय की इस लड़ाई में हमारे साथ जुड़े।

नीतीश ने इंडिया गठबंधन से निकलकर सही काम नहीं किया : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि बिहार के उनके समकक्ष नीतीश कुमार ने विपक्षी इंडिया गठबंधन से नाता तोड़कर सही काम नहीं किया। उन्होंने उनके आचरण को लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं बताया। केजरीवाल ने प्रैसवार्ता के दौरान नीतीश कुमार द्वारा बिहार में भाजपा के साथ मिलकर नयी सरकार बना लेने के बारे में पूछे गये एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। केजरीवाल ने कहा कि मैं महसूस करता हूं कि यह गलत है और उन्हें (इंडिया गठबंधन) नहीं छोड़ना चाहिए था। इस तरह का आचरण लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

छात्रों से लेकर आम आदमी के लिए भी उपयोगी हैं पीएम द्वारा दिए गए टिप्स : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए टिप्स न केवल छात्रों के लिए बल्कि शिक्षकों, अभिभावकों और हर आम आदमी के लिए भी उपयोगी हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भारत सरकार की संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में छात्रों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों के साथ बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' 2024 (पीपीसी-2024) कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) में सरोजिनी नगर स्थित नवयुग स्कूल में देखने के बाद उक्त संबोधन दिया। इस दौरान सक्सेना ने कहा कि केवल स्कूल-कॉलेजों के बच्चों की चारदीवारी में ही सीखना सीमित नहीं है, बल्कि जीवन की हर घटना हमें कुछ न कुछ सिखाती है। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य कुलजीत सिंह चहल, सचिव कृष्ण मोहन उप्पू और एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

'परीक्षा पे चर्चा' से पहले उपराज्यपाल ने छात्रों के साथ की बातचीत

'परीक्षा पे चर्चा' का सीधा प्रसारण देखने से पहले उपराज्यपाल सक्सेना ने छात्रों के साथ बातचीत की और परीक्षा के तनाव से कैसे निपटें या अपनी क्षमता का सर्वोत्तम प्रदर्शन कैसे करें, इस पर बहुमूल्य जीवन संबंधी जानकारी प्रदान की। उन्होंने न केवल परीक्षा, तनाव, चिंता या समय प्रबंधन पर अपने सुझाव साझा किए बल्कि पढ़ाई के साथ जीवन का पूरा आनंद लेने के लिए कुछ व्यावहारिक सुझाव भी बच्चों से बातचीत के दौरान दिये। 'परीक्षा पे चर्चा' के लाइव प्रसारण के बाद, एलजी सक्सेना ने नवयुग स्कूल, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली में पालिका टिंकरिंग लैब का भी दौरा किया।

शिक्षा जैसे विषयों पर छात्रों के साथ लगातार बातचीत करते हैं पीएम : सक्सेना

सक्सेना ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री द्वारा दी गई सलाह प्रत्येक छात्र को ध्यान में रहेगी और परीक्षा के दौरान यह उनके लिए बहुत उपयोगी भी होगी। उपराज्यपाल ने ये भी कहा कि हम बहुत आभारी हैं कि हमारे प्रधानमंत्री परीक्षा और शिक्षा जैसे विषयों पर छात्रों के साथ लगातार बातचीत करते हैं। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो छात्रों से संवाद करते हैं। उन्होने प्रत्येक छात्र और उनके माता-पिता को तनाव दूर करने का सुझाव भी दिये और छात्रों को अपने तनाव को दूर करने के लिए परीक्षा की तैयारी के समय बीच बीच में संगीत, खेल और अपने शौक को भी शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि माता-पिता परीक्षा के समय तनाव दूर करने में अपने बच्चों की मदद करें। उपराज्यपाल ने नवयुग स्कूल के छात्रों द्वारा 'एग्जाम वॉरियर' विषय पर लगाई गई एक प्रदर्शनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक में बताए गए मंत्रों से संबंधित पेंटिंग का अवलोकन भी किया। सक्सेना ने अपनी समृद्ध क्षमता और बुद्धिमत्ता के शानदार प्रदर्शन के लिए एनडीएमसी विद्यालयों के छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

आवासीय सेक्टर में 3 किलोवाट पर 3 रुपए और 10 किलोवाट पर 2 रुपए प्रति यूनिट जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव देगी दिल्ली सरकार

छतों पर सौर पैनल लगाने वालों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छतों पर सौर पैनल लगाने वालों को दिल्ली सरकार प्रोत्साहन राशि देगी। इस बात की घोषणा सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दी है। सोमवार को प्रैसवार्ता में सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 जारी की है। इससे पहले जब 2015 में हमारी सरकार बनने के बाद 2016 में हम लोगों ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2016 जारी की थी। 2016 में जारी हमारी सोलर पॉलिसी पूरे देश में सबसे प्रोग्रेसिव पॉलिसी गई थी। एक तरह से सोलर पॉलिसी 2016 ने दिल्ली के अंदर सोलर पावर की बुनियाद रखी। सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के लोगों ने अब तक अपने घरों की छत पर लगभग 250 मेगावॉट क्षमता के सोलर पैनल लगवाए हैं। इसके अलावा, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत डिस्कॉम ने 1250 मेगावॉट सोलर पावर बाहर से खरीदी है। इस तरह, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के अंदर अब तक करीब 1500 मेगावॉट सोलर पावर स्थापित हुई है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सोलर पावर से वायु प्रदूषण कम होता है। हम लोगों ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ईवी पॉलिसी भी बनाई है, जो देश की सबसे प्रोग्रेसिव ईवी पॉलिसी है और आज दिल्ली को ईवी कैपिटल ऑफ इंडिया कहा जाता है। दिसंबर 2023 में दिल्ली में कुल खरीदे गए वाहनों में से करीब 20 फीसद इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। वहीं उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के तहत आवासीय सेक्टर में जो लोग भी अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाएंगे, उसको 700 से 900 रुपए प्रति व्यक्ति अतिरिक्त आमदनी भी हो सकती है। दिल्ली के लोग अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाते हैं तो उनका बिजली का बिल जीरो होने के साथ-साथ 700-900 रुपए अतिरिक्त आमदनी भी शुरू हो जाएगी। इस दौरान बिजली मंत्री आतिशी के अलावा जस्मीन शाह भी मौजूद रहे।

प्रत्येक उपभोक्ता को पांच साल तक मिलेगा जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार सोलर पॉलिसी 2024 के अंतर्गत 5 तरह के वित्तीय लाभ दे रही है। पहला, अगर आप 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाते हैं तो उससे पैदा होने वाली बिजली पर दिल्ली सरकार आपके बैंक खाते में 3 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से जमा करेगी। अगर 3 से 10 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगवाते हैं तो 2 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से पैसा जमा कराया जाएगा। दिल्ली सरकार पांच साल तक यह जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव देती रहेगी। पूरे देश में केवल दिल्ली सरकार ही सोलर पैनल लगवाने वाले लोगों को जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव दे रही है। दिल्ली के अलावा किसी और राज्य की सरकार नहीं दे रही है।

अब सोलर पैनल से एक यूनिट बिजली पैदा करने पर भी इंसेंटिव मिलेगा

सीएम ने बताया कि सोलर पॉलिसी 2016 में भी जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव था, लेकिन उसमें कुछ कमियां थीं। नई पॉलिसी में उन कमियों को दूर कर सरल कर दिया गया है। 2016 की पॉलिसी में एक यह कमी थी कि बिजली पैदा करने की न्यूनतम सीमा तय थी। उतनी बिजली पैदा करने पर ही जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव दिया जाता था। नई पॉलिसी में न्यूनतम सीमा को हटा दिया गया है। अब एक यूनिट बिजली पैदा करने पर भी जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव मिलेगा। दूसरी कमी यह थी कि साल में केवल दो बार जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव आपके खाते में डाला जाता था। लेकिन नई पॉलिसी के तहत अब हर महीने सोलर पैनल लगवाने वाले लोगों के खाते में प्रति यूनिट के हिसाब से जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव डाला जाएगा।

केंद्र के अलावा दो हजार प्रति किलोवाट कैपिटल सब्सिडी देगी दिल्ली सरकार

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 के तहत दिल्ली सरकार आवासीय उपभोक्ताओं को प्रति किलोवाट 2 हजार रुपए कैपिटल सब्सिडी भी देगी, जो अधिकतम 10 हजार रुपए तक दिया जाएगा। कैपिटल सब्सिडी केंद्र सरकार भी देती है। केंद्र सरकार के अलावा दिल्ली सरकार यह कैपिटल सब्सिडी देगी। इसके अलावा नेट मीटरिंग है। नेट मीटरिंग उसे कहते हैं, आप खपत करने के लिए जितनी बिजली डिस्कॉम से लेंगे और जितनी बिजली पैदा करेंगे उसको नेट कर दिया जाएगा। मसलन, किसी उपभोक्ता ने 400 यूनिट बिजली की खपत की।

इसमें से 100 यूनिट उसने सोलर पैनल के जरिए पैदा किया तो 300 यूनिट बिजली का बिल डिस्कॉम को देना होगा। वहीं, अगर उपभोक्ता सोलर पैनल से बिजली ज्यादा पैदा करता है, लेकिन खपत कम करता है, तो खपत करने के बाद बची बिजली अगले महीने में जुड़ता जाएगा, जो 12 महीने तक समायोजित हो सकता है। वहीं, अगर उपभोक्ता ने पूरे साल में सोलर पैनल से ज्यादा बिजली पैदा की और खपत कम की है, तो उसका पैसा डिस्कॉम से वापस ले सकते हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 का फायदा आवासीय सेक्टर के अलावा कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं को मिलेगा।

आज पुलिस आयुक्त से मिलेगा भाजपा प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली। अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा खो चुके और भ्रष्टाचार में डूबे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दो दिन पूर्व अपने वक्तव्य में कहा था कि भाजपा उनके सात विधायकों को पैसे के सहारे तोड़ने की कोशिश कर रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को कहा कि सीएम केजरीवाल के उक्त झूठे आरोप को लेकर आज मंगलवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस आयुक्त को एक पत्र सौंप कर इस पूरे मामले की जांच करने की मांग करेगा। सचदेवा ने कहा कि पुलिस आयुक्त से मांग की जाएगी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जो झूठा आरोप भाजपा पर लगाया है, उसकी तह तक जाए। भाजपा मांग करेगी कि पुलिस अरविंद केजरीवाल से जानकारी ले कि आम आदमी पार्टी के किन विधायकों से भाजपा की ओर से किसने सम्पर्क किया और क्या प्रलोभन दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि मंगलवार हम पुलिस आयुक्त को जांच का मांग पत्र सौंपने जायेंगे और यदि अरविंद केजरीवाल ने जो आरोप लगाए हैं उसके कोई सबूत उनके पास हैं वह सबूत लेकर हमारे साथ पुलिस आयुक्त से मिलकर जांच की मांग करें ताकि सच सामने आये।

भाजपा में शामिल हुए कई दलों के नेता

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को विधानसभा में नेता विपक्ष एवं पार्टी के दिल्ली भाजपा में अन्य दलों से प्रवेश समिति के संयोजक रामवीर सिंह बिधूड़ी और सह संयोजक आरती मेहरा एवं हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में आज आम आदमी पार्टी, कांग्रेस एवं बहुजन समाज पार्टी से जुड़े नेताओं के साथ ही दिल्ली के कुछ प्रमुख व्यापारिक नेता भी भाजपा में शामिल हुए। पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन, 'आप' व्यापारिक प्रकोष्ठ नेता अशोक कुमार अग्रवाल, 'आप' के मंगोलपुरी विधानसभा के चुनाव प्रमुख प्रिंस, बहुजन समाज पार्टी की बदरपुर से चुनाव प्रत्याशी रेखा चौहान,' बदरपुर के कांग्रेस नेता अनिल कुमार जाटव के अलावा बवाना चेंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राज जैन ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वीरेन्द्र सचदेवा ने पार्टी का पटका पहनाकर उन सभी पार्टी में शामिल किया। बवाना चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राज जैन बवाना की 14 व्यापारिक एसोसिएशनों के अध्यक्षों के साथ सोमवार को भाजपा में शामिल हुए। बवाना इंडस्ट्रियल क्षेत्र के अंतर्गत 17 हजार यूनिट है जिसमें लगभग 3 लाख से ज्यादा मजदूर और ट्रांसपोर्टर आदि हैं।

एक फरवरी से शुरू होंगी आईपी यूनिवर्सिटी में नए सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी में सभी प्रोग्राम के लिए एक फरवरी से ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यूनिवर्सिटी ने नये सत्र के लिए दाखिला पुस्तिका जारी की। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉक्टर महेश वर्मा ने यूजी, पीजी एवं पीएचडी प्रोग्राम के लिए अलग-अलग तीन दाखिला पुस्तिकाएं जारी की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि समस्त प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन एक फरवरी से शुरू हो जाएंगे। यूनिवर्सिटी कुछ नए प्रोग्राम भी शुरू कर रही है। उसके लिए आवेदन 7 फरवरी से शुरू होंगे। आवेदन शुल्क पिछले साल की ही तरह ही इस साल भी पंद्रह सौ रुपए रखा गया है। कुलपति ने बताया कि आवेदकों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन फ़ॉर्म भरने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया है। अब फार्म मोबाइल फ़ोन पर भी भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में 57 नए प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। दूरस्थ एवं ऑनलाइन का एक सेंटर भी खोला गया है।

दिल्ली में हर बूथ पर 11 सदस्यीय कमेटी का गठन करेगी आप : पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी है। चुनाव के तहत आप 11 सदस्य बूथ कमेटी का गठन करेगी और उसके बाद दिल्ली में डोर टू डोर अभियान शुरू करेगी। इस बात की जानकारी सोमवार को राज्यसभा सांसद और संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने एक बैठक करने के बाद दी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को राज्यसभा सांसद और संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में अहम बैठक बुलाई। बैठक में आप के विधायक और उपाध्यक्ष ऋतुराज झा, विधायक और उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विधायक और उपाध्यक्ष गुलाब सिंह और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर शामिल हुए। बैठक में संगठन महामंत्री डॉक्टर संदीप पाठक ने कहा कि हमने दिल्ली में मंडल प्रभारियों को नियुक्ति की है। आप लोगों को जो भी मंडल मिला है उसपर ध्यान केंद्रित करते हुए आपको पूरी मेहनत के साथ काम करना है। जिस मंडल के आप प्रभारी बनाए गए हैं उस मंडल की पूरी जिम्मेदारी अब आप लोगों की होगी। अगले एक हफ्ते में सभी मंडलों पर बैठक की जाएगी।

सभी विधानसभाओं में आज से शुरू होगी ट्रेनिंग

डॉक्टर संदीप पाठक ने कहा कि दिल्ली की सभी विधानसभाओं में कल से ट्रेनिंग शुरू होगी। इस ट्रेनिंग में सभी विधायक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल संगठन मंत्री और मंडल के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने मंडल प्रभारी तो नियुक्त कर दिए हैं लेकिन अब हमें बूथ स्तर पर जाना है। हम दिल्ली के हर बूथ पर 11 सदस्य कमेटी का गठन करेंगे और हर बूथ पर अध्यक्ष भी नियुक्त करेंगे। हर मंडल पर बैठक की जाएगी। बैठक करने की जिम्मेदारी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल संगठन मंत्री की होगी। यह तीन लोगों की टीम मंडल स्तर पर बैठक आयोजित करेगी। पहले हम 11 सदस्य बूथ कमेटी का गठन करेंगे उसके बाद दिल्ली में डोर टू डोर अभियान शुरू किया जाएगा।

विपक्षी दल के पार्षदों ने की स्थायी समिति के गठन की मांग

एमसीडी की सदन बैठक में फिर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पिछली बार की तरह ही इस बार भी दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में विपक्षी दल के पार्षदों ने जमकर हंगामा किया और स्थायी समिति के गठन की मांग की। इस हंगामे के चलते बैठक में महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने 25 प्रस्ताव रखे। इनमें से 7 प्रस्तावों को पोस्टपोन किया गया है। इसके अलावा एक प्रस्ताव को रिजेक्ट और एक प्रस्ताव को रैफर बैक किया गया है। वहीं, उन्होंने बताया कि अब मंगलवार 30 यानी आज से निगम का बजट सत्र शुरू होगा। इसमें बजट के ऊपर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इनमें सदन की बैठक में ऑन टेबल लाए गए 6 महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी शामिल हैं, जिन्हें सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इन प्रस्तावों में स्कूल की मरम्मत, ढलाव घर पर कियोस्क खोलने संबंधी प्रस्तावों को पास किया गया है। कई कंपनियां और सोसायटी अपने कियोस्क ढलाव घरों पर खोल सकेंगी।

भाजपा पार्षद नहीं चाहते दिल्ली के विकास के लिए नई नीतियां बनें

महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि सदन की बैठक बुलाई थी। लेकिन हमेशा की तरह भाजपा के पार्षदों ने सदन की बैठक को चलने नहीं दिया। महापौर ने कहा कि हमारी भाजपा के पार्षदों से सदैव अपील रहती है कि सदन की बैठक शांतिपूर्ण तरीके से चले। सभी महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाए, ताकि दिल्ली के विकास कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। सभी पार्षद प्रस्तावों पर अपने विचार व्यक्त करें, ताकि सकारात्मक चर्चा की जा सके। भाजपा पार्षद कभी भी सदन की गरिमा का सम्मान नहीं करते हैं। महापौर ने कहा कि हमें शोर शराबे में ही प्रस्तावों को पास करना पड़ा। भाजपा के पार्षद नहीं चाहते हैं कि दिल्ली के विकास के लिए नई नीतियां बनें और नए कार्य हों।

जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहती है आप : राजा इकबाल

निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने महापौर को घेरते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी नागरिक हितों में कार्य न करके केवल जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण को लेकर ग्रेप नियमों के लागू होने पर आप पार्किंग शुल्क में चार गुना बढ़ोतरी करना चाहती थी लेकिन भाजपा पार्षदों के विरोध के बाद महापौर को यह प्रस्ताव स्थगित करना पड़ा। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आप नागरिक हितों में कार्य ना कर के नागरिकों पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहती है। आप की दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक यातायात की व्यवस्था को ठप कर दिया है और अब ये लोग पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी करके नागरिकों को दोहरी मार मारना चाहते थे। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि महापौर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके स्थायी समिति की पावर हाउस को देने का एक नया ढोंग रचा है। महापौर स्थायी समिति के चुनाव करवाना ही नहीं चाहती है। इन लोगों को यह डर है कि इनके पार्षद क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं जिसके कारण इन लोगों को स्थायी समिति अध्यक्ष के पद से हाथ धोना पड़ सकता है और इसी डर के कारण महापौर चुनाव करवाना नहीं चाहती हैं।

सदन में मंगलवार से बजट पर होगी चर्चा

बजट को लेकर महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि मंगलवार, 30 जनवरी से सदन में बजट पर चर्चा शुरू होगी। इसके अलावा 5, 6 और 7 फरवरी को भी सदन में बजट को विस्तृत चर्चा की जाएगी। नेता सदन मुकेश गोयल 8 फ़रवरी को संशोधनों के बाद अंतिम बजट सदन में पेश करेंगे। सदन में निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती दिसंबर में बजट स्वीकृति हेतु प्रस्तुत कर चुके हैं।

वामा उत्सव प्रख्यात कलाकार गोगी सरोज पाल को समर्पित

दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कला उत्सव वामा को गोगी सरोज पाल जी को समर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने नारीत्व के गहन आख्यानों को कई रूपों में अपने कैनवास पर उतारा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

प्रख्यात कलाकार गोगी सरोज पाल के निधन पर वामा उत्सव को दिल्ली सरकार ने गोगी सरोज पाल को समर्पित किया। कला उत्सव वामा के उद्घाटन के मौके पर दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रतिष्ठित कलाकार गोगी सरोज पाल के आकस्मिक निधन पर हम गहरा शोक जताते हैं। कला उत्सव वामा को हम गोगी सरोज पाल को समर्पित करते हैं। उन्होंने नारीत्व के गहन आख्यानों को कई रूपों में अपने कैनवास पर उतारा है। उनकी कला हमें नारीत्व के विविध रंग दिखाती है। भले ही उनके ब्रशस्ट्रोक ने कैनवास का साथ छोड़ दिया हो, लेकिन उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।

37 समकालीन महिला कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित

6 दिनों तक पेंटिंग, ग्राफिक्स, मूर्तिकला का लुत्फ उठाएंगे दर्शक

साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में 37 समकालीन महिला कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की गईं। छह दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कलाकारों की पेंटिंग, चित्र, प्रिंट, ग्राफिक्स, मूर्तिकला आदि विविध कलात्मक अभिव्यक्तियों को शामिल किया गया है। यह प्रदर्शनी एक फरवरी तक लोगों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में गोगी सरोज पाल, शोभा बूटा, कंचन चंदर, मीना देवड़ा, संतोष जैन एवं इंदु त्रिपाठी जैसी दिग्गज कलाकारों की कलाकृतियां मौजूद हैं। साथ ही आरती कश्यप, आरती मलिक, अल्पना महाजन, अनीता तंवर, अंजलि सिंह, अंजू कौशिक, अवनीत चावला, अन्नू गुप्ता, अवनि बकाया, बुला भट्टाचार्य, दीपा पटोवरी, दिव्या गुप्ता, गुलिस्तान, गुलबहार, हेमवती गुहा, हिम रजनी नागर, केजिया खान, मधु, नीति जोशी, नीतिक्षा डावर, नुसरत जहां, प्रीति सिंह, प्रियांशु चौरसिया, रेनू जैन, सलोनी टोंडक, सीमा मोहले, सिम्मी खन्ना, सोनम चपराना, तान्या राणा, टिम्सी गुप्ता और वंदना जैसी कलाकारों के आर्टवर्क्स पर भी सभी की नजरें रहेंगी।

प्रकृति व मानसिक अस्तित्व की विचारोत्तेजक डिजिटल प्रिंट

प्रदर्शनी में बुला भट्टाचार्य के विचारोत्तेजक डिजिटल प्रिंट, खोज-1 और खोज-2 में कलाप्रेमियों को अभिलेखीय कागजात के जरिए चेतना की प्रकृति और मानसिक अस्तित्व की पहेली को समझने में मदद मिलती है। ये कलाकृतियां स्वयं एवं बाहरी दुनिया के अनदेखे पहलुओं को उजागर करती हैं। वहीं, उभरती कलाकार वंदना कुमारी बीइंग अ गर्ल चाइल्ड और इन डीप फैंटेसी जैसी प्रभावशाली पेंटिंग्स के माध्यम से हिंसा, लैंगिक असमानता और सामाजिक दबाव जैसे सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डालती हैं। उनकी कला सामाजिक चुनौतियों के बीच मानवीय स्थिति को दर्शाते हुए महिलाओं की वैश्विक मुक्ति की पैरवी करती है।

खबर संक्षेप

ढाई साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड का हमला

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की केडीपी ग्रांड सवाना सोसाइटी में ढाई साल के मासूम नमन पर

कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने नमन के पैर और कूल्हे पर काट लिया। नमन के पिता अंकुर शर्मा ने बताया कि बेटा पार्क में खेल रहा था, तभी आवारा कुत्तों ने झपट्टा मारा।

प्रेम प्रसंग के चलते चाकू गोदकर दोस्त की हत्या

गुरुग्राम। सेक्टर-37 एरिया में प्रेम प्रसंग के चलते युवकों ने दिल्ली जयपुर एक्सप्रेसवे पर हरी नगर

सबवे के सामने अपने दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी उसे घर से बुलाकर ले गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया और हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मृतक के भाई सूरज ने कहा कि आकाश, गौरव, प्रथम व कृष्णा एक साथ मैरीगोल्ड स्कूल में पढ़ते थे।

अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तैयारियों को लेकर डीसी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

2 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी मेले का उद्घाटन, 3 को उपराष्ट्रपति करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह सूरजकुंड परिसर में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट्स मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस बार का 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं।

डीसी विक्रम सिंह सूरजकुंड परिसर में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट्स मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा। वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। मेला सुबह 10 बजे शुरू होकर रात 8 बजे तक रहेगा। वहीं बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुति देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी।

खास बातें

- 40 देशों के शिल्पकार लेंगे भाग, कई राजदूत होंगे शामिल
- विभागों को तैयारी रखने के निर्देश

पार्किंग, बिजली, शौचालयों की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

इस दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला में विभिन्न स्थानों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया व मेले के दौरान लगने वाले विभिन्न स्टॉल की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडकों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हो। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

पीएम व सीएम के नेतृत्व में हो रहा विकास

जल्द ही भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर पर होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ओल्ड फरीदाबाद के तालाब वाली गली में ग्रीवेन्स कमेटी के सदस्य परविन्दर मल्होत्रा शंटी द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष राज कुमार वोहरा एवं निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा को फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। समारोह में पूरे ओल्ड फरीदाबाद से विशेष रूप से प्रेम प्रकाश मंदिर गोपी कालोनी चौक, राम मंदिर तालाब वाली गली, लक्ष्मी नारायण मंदिर गोपी कालोनी चौक, जैन मंदिर सेक्टर-16, सेंट्रल मार्केट ओल्ड फरीदाबाद, मैन मार्केट पार्ट 1-2 लैय्या बिरादरी, सखी सरोवर बिरादरी, सैनी समाज, गोपी कालोनी आरडब्लूए, सेक्टर-19 बलदेव राज ओझा पॉकेट, सेक्टर 19 आनंदा पॉकेट, शेख वाडा, महावीर नगर सैय्यदवाडा, शिव कालोनी, बाबा नगर, सैनी समाज एवं बार काउंसिल से गणमान्य मौजूद थे।

पीएम का बज रहा है डंका

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी और हरियाणा प्रदेश के विकास पुरुष सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश के विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से काम कर रही है और आने वाले समय में हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर पर होगी। पीएम मोदी और भारत का डंका बज रहा है।

कूड़े की समस्या का नहीं हो पा रहा समाधान

गुरुग्राम। साइबर सिटी के निवासियों को कूड़े की समस्या के निजात नहीं मिल पा रहा है। शहर

के अलग- अलग हिस्सों से लोग सोशल मीडिया के माध्यम से कूड़े की समस्या के संबंध में शिकायत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन के विभागों द्वारा समय-समय पर कूड़ा नहीं उठाया जाता है जिससे दिक्कत होती है। सेक्टर-52 स्थित आरडी सिटी में कचरे का प्रतिदिन निपटारा नहीं हो पा रहा है, ऐसे में लोग परेशान हैं। आरडी सिटी के निवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायत की गई है लेकिन समाधान नहीं हो पाता है।

कांग्रेस विधायक के समर्थन में एनएसयूआई ने फूंका पुतला

फरीदाबाद। एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के गेट पर एनआईटी फरीदाबाद से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के पक्ष में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का पुतला फूंका। पुतला एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में फूंका गया।

कृष्ण अत्री ने बताया कि विधायक फरीदाबाद लोकसभा में अकेले कांग्रेस विधायक हैं और विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक ने दिसंबर 2023 विधानसभा सत्र में एनआईटी विधानसभा को नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए सरकार से लगभग 28 करोड़ रुपए की मांग की थी, जिस पर सदन में सरकार ने आश्वासन दिया था कि एक माह के अंदर यह पैसे अलॉट कर दिए जाएंगे, लेकिन एक माह बाद भी फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय से आगे नहीं निकली।

43 हजार का जुर्माना, गवाहों के बयान पर दिया फैसला, कोर्ट में फूट-फूटकर रोने लगे दादा-दादी

दुष्कर्म के बाद मासूम की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

कुकर्म के बाद सात वर्षीय बच्ची की हत्या करने वाले युवक को विशेष पॉक्सो (थर्ड) अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 43 हजार का जुर्माना भी लगाया। इस मामले में अदालत ने 25 जनवरी को मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया था। मामला मोदीनगर थाना क्षेत्र का है।

जंगल में बच्ची के साथ किया कुकर्म

विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि थाना मोदीनगर क्षेत्र में रहने वाली मासूम बच्ची (7 वर्ष) को सड़क पर मिट्टी डालने वाला गौरव ने चॉकलेट दिलाने के बहाने से बाइक पर बैठ कर अंबराला गांव के जंगल ले गया। गौरव ने मासूम के साथ कुकर्म किया। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पत्थर से बेपहचान कर दिया। मासूम के पिता ने मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर गौरव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

निशानदेही पर मिला था शव

पुलिस ने गौरव को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर शव बरामद किया। कोर्ट ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर गौरव को दोषी करार दिया था। सजा की मात्रा पर बहस करते हुए पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह ने दलील देते हुए आरोपी को आजीवन करवा की सजा दिए जाने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपी को नवयुवक बताते हुए कम से कम सजा दिए जाने की मांग की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अभियुक्त गौरव को आजीवन कारावास और 43 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है।

त्रिखा ने विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने पहुंचीं। बड़ी स्क्रीन पर विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा। उनके साथ भाजपा नेता ओमप्रकाश ढींगरा, संजय महेन्द्रू, बिपिन व रितु प्रकाश, स्कूल के उप प्राचार्य देवेन्द्र व शिक्षक संजय शर्मा, परवीन चौधरी, रितु गांधी, चंचल, यशपाल शर्मा, सुधीर, रणदीप तथा परवीन कथूरिया आदि उपस्थित रहे।

घर में नो गैजेट जोन बनाने की सलाह

चर्चा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने छात्रों को कई टिप्स दिए। छात्रों से बात करते हुए पीएम ने घर में नो गैजेट जोन बनाने की सलाह दी। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी को बोझ नहीं मानना चाहिए, इसका सही उपयोग सीखना जरूरी है, आप अपने माता-पिता को बताएं कि मोबाइल फोन पर क्या-क्या होता है, नहीं तो मां-बाप को लगेगा कि मोबाइल फोन मतलब दोस्तों से चिपका हुआ है, स्क्रीन टाइमर आन कर रखें, ताकि पता चलें कि कहीं आप मोबाइल फोन का ज्यादा उपयोग तो नहीं कर रहे, हमें भी पता चलना चाहिए।

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 70 साल, **रंग:** गेहुंआ, **कद:** 5'7'', **लिंग:** पुरूष, **पहचान चिन्ह:** अग्रभाग में पुरानी चोट का निशान, **पहनावा:** नीले रंग का पजामा और नीले रंग की जैकेट, **बरामदी स्थल:** जो दिल्ली के रघुबीर नगर, घोड़े वाला मंदिर के पास मृत मिला था।

इस सम्बंध में **GD No. 43A, दिनांक 11.01.2024, पुलिस स्टेशन: ख्याला, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन: ख्याला, दिल्ली
फोन: 8750871132

DP/1092/WD/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घघोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) कृष्ण**, पुत्र स्वर्गीय रघुबीर, निवासी ए–284, गली नं. 8, राहुल विहार, गाजियाबाद, उ.प्र., **(2) मोनू**, पुत्र उपरोक्त अनुसार, निवासी उपरोक्त अनुसार, ने **ई–एमवीटी एफआईआर संख्या 019756/2023, दिनांक 02.07.2023, धारा 379/411/34 आईपीसी, पुलिस थाना नॉर्थ एवेन्यू, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण** और **मोनू**, मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **कृष्ण** और **मोनू**, फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **कृष्ण** और **मोनू**, केस **ई–एमवीटी एफआईआर संख्या 019756/2023, दिनांक 02.07.2023, धारा 379/411/34 आईपीसी, पुलिस थाना नॉर्थ एवेन्यू, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनामिका,
महानगर दण्डाधिकारी,
पटियाला हाउस कोर्ट,
दिल्ली

DP/666/NDD/2024
(Court Matter)

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प नरवाना	उचाना खुर्द, जिला जीन्द में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भवन की विशेष मरम्मत।	25.01.2024 15.02.2024	17.72 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9053114455 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प कैथल	कंडीशन सर्वे के तहत कैथल जिले में ढाण्ड पुण्डरी राजौंद अलेवा रोड कि.मी. 22.00 से 26.00 कि.मी. (एमडीआर-113) की विशेष मरम्मत।	बंद होने की तिथि 13.02.2024	125.91 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प नारनौल	महेन्द्रगढ़ जिले में नारनौल में सामान्य अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के कार्य हेतु अग्निशमन प्रणाली।	23.01.2024 13.02.2024	81.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प यमुनानगर	यमुनानगर में न्यायिक परिसर में लिटिगेंट बिल्डिंग की विशेष मरम्मत।	25.01.2024 01.02.2024	6.43 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466125011 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in
5	लोनिवि भ व प फतेहाबाद	फतेहाबाद जिले में जमालपुर शेखां में जाखल-हिसार रेलवे लाइन लेवल क्रॉसिंग नं. सी-6 पर टोहाना-कुल्लां-रतिया रोड (एमडीआर-101) पर 2 लेन आरओबी का निर्माण।	26.01.2024 15.02.2024	2201.97 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in
6	पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक	पंचायत समिति के तहत गांव नांदल में पार्क का निर्माण।	24.01.2024 13.02.2024	12.68 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com
7	पंचायती राज फतेहाबाद	भिरडाना – रायसिख चौपाल में कमरे और रिटेनिंग वॉल का निर्माण डी-प्लान + 11 कार्य।	25.01.2024 02.02.2024	147.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
8	पंचायती राज फतेहाबाद	ढाणी गोपाल – गांव ढाणी गोपाल ब्लॉक भुना (फतेहाबाद) में इन्द्र धांक के मकान से राजकीय विद्यालय तक आईपीबी फिरनी का निर्माण एचआरडीएफ + 1 कार्य।	25.01.2024 08.02.2024	135.85 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
9	जिला परिषद पलवल	गांव रातिपुर ब्लॉक पलवल, जिला पलवल में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण।	25.01.2024 05.02.2024	18.49 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8185016460 d.bhumit.official@gmail.com
10	पंचायती राज फतेहाबाद	पुराणमाजरा – गांव पुराणमाजरा, ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में शमशान घाट में पानी की टंकी और चारदिवारी का निर्माण, एचआरडीएफ + 8 कार्य।	25.01.2024 02.02.2024	109.36 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
11	पंचायती राज सोनीपत	गांव लोहारी टिब्बा, ब्लॉक सोनीपत, जैडपी में आंगनवाड़ी से शिव मंदिर तक आरसीसी नाला का निर्माण + 1 कार्य।	25.01.2024 05.02.2024	17.13 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9996001199 vijaypal2315@gmail.com
12	पंचायती राज पंचकूला	गांव टापरियां कंडाइ वाला में आयरन शैड का निर्माण, गांव त्रिलोकपुर गणेशपुर में आयरन शैड का निर्माण, गांव खैरवाली परवाला अमराला में एससी चौपाल में आयरन शैड का निर्माण, बुंगा बेलवाली, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में आयरन शैड का निर्माण + 4 कार्य।	25.01.2024 31.01.2024	66.39 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in
13	पंचायती राज नूह	गांव दोहा, ब्लॉक एफ.पी. झिरका, जिला नूह में फिरनी का निर्माण + 4 कार्य।	24.01.2024 13.02.2024	344.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8708036914 prexeeng.mwt@hry.nic.in
14	पंचायती राज सोनीपत	गांव खानपुर1 में गुरुकल गेट से बीच वाला अड्डा तक नाला का निर्माण + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 05.02.2024	222.93 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
15	पंचायती राज करनाल	गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग में नहर पुल्ल के निकट तालाब पंचायती जोहड़ का विकास और गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग में धोबाट तालाब का विकास और गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग में झगदे वाला तालाब का विकास और गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में आदर्श तालाब आमली का विकास और गांव गोंडर में डेरा बाबा लक्ष्मणदास के निकट आदर्श तालाब सुरवादा तालाब का निर्माण और गांव गुल्लारपुर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में तालाब शिव मंदिर वाला का विकास।	26.01.2024 01.02.2024	403.61 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
16	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न गांवों में आर.सी.सी. बैंचेज और बार्ब्ड वायरिंग, वॉक वे इत्यादि की आपूर्ति, फिक्सिंग और स्थापना।	26.01.2024 02.02.2024	48.77 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/320/24520/I/88/7 दि. 29.01.24

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

अयोध्या में एयरपोर्ट पर लगेगी महर्षि वाल्मीकि की विशाल प्रतिमा

अष्टधातु का उपयोग कर 30 दिन में तैयार की 1100 किलो की मूर्ति

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ऋषि वाल्मीकि की एक प्रतिमा लगाई जाएगी। यह प्रतिमा अयोध्या विकास प्राधिकरण लगवाएगा। जल्द ही यह प्रतिमा एयर पोर्ट परिसर में ही स्थापित कर दी जाएगी। पिछले दिनों अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक दल ने एयरपोर्ट परिसर का निरीक्षण किया था। इस दल ने एयरपोर्ट के पदाधिकारियों के साथ कई स्थानों का मुआयना किया था। अफसर ने एक-दो स्थान पर सुझाव व विमर्श किया। माना जा रहा है की इसे प्रस्थान दो नंबर गेट के सामने प्रतिस्थापित करने पर मंथन किया गया है। जल्दी इस फैसले पर मोहर लग जाएगी।

खास बातें

- मूर्ति 6 फीट चौड़ी और 7 फीट ऊंची
- एयरपोर्ट से 6 महानगरों की सेवाएं चल रहीं
- 870 एकड़ में फैला है एयरपोर्ट
- नागर शैली से बना है एयरपोर्ट

1462.97 करोड़ की लागत से निर्मित एयरपोर्ट

महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट 1462.97 करोड़ रुपए की लागत से बना है। 870 एकड़ में बने इस एयरपोर्ट का वास्तु और डिजाइन बेहद ख़ास है। यह पूरी तरह से श्रीराम के जीवन से प्रेरित है तथा 'नागर शैली' के आधार पर इसका विकास किया गया है। इसके सात शिखर हैं जिसमें से एक मुख्य शिखर बीच में और आगे 3 और पीछे 3 शिखर हैं। वहीं एयरपोर्ट पर प्रभु श्रीराम का चित्रण कई स्तरों पर किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर तीर-धनुष का बड़ा म्युरल लगाया गया है जो श्रीराम के पुरुषार्थ का प्रतीक है। वहीं, एयरपोर्ट की लैंडस्केपिंग में रंगों के प्रयोग को पंच तत्वों से प्रेरित होकर रखा गया है। एयरपोर्ट का मुख्य भवन में 7 खंभों का इस्तेमाल किया गया है जो रामायण के 7 काण्ड को दर्शाते हैं।

पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

यह प्रतिमा बनकर अयोध्या पहुंच चुकी है। इस मूर्ति को महान शिल्पकार प्रभात राय ने ग्वालियर में तैयार किया है। यह मूर्ति 6 फीट चौड़ी और 7 फीट ऊंची है। मूर्ति का वजन 1100 किलो है। अष्टधातु से बनी इस मूर्ति में कॉपर, लेड, टीन ,आयरन, सिलिकान, जिंक, एंटीमोनी और कैंडमियम शामिल हैं। इसे 30 दिन की समय सीमा में तैयार किया है। अयोध्या में बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था। उसके पहले एयरपोर्ट का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा था। वर्तमान में इस एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु समेत 6 महानगरों की सेवाएं चल रही हैं। जल्द ही अन्य महानगरों की सेवाएं भी शुरू हो जाएंगी।

सजावट में दैविक व खंडिका पट्टिकाओं का उपयोग

सभी आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस एयरपोर्ट की सजावट में दो प्रकार की म्यूरल पट्टिकाओं का प्रयोग किया गया है जिनका नाम दैविक व खंडिका पट्टियां हैं। इसके अतिरिक्त, एक वॉल म्यूरल प्रभु हनुमान को भी समर्पित किया गया है। इसमें हनुमान जी के जन्म से अयोध्या में प्रभु श्रीराम की आज्ञा अनुसार उनके स्थापित होने तक का पूरा चित्रण है। तीन मंजिल ऊंचा राम दरबार और मधुबनी पेंटिंग में बना सीता-राम विवाह का चित्रण यहां आने वाले सभी लोगों का मन मोह लेता है। इसकी खूबसूरती को कैद करने की यात्रियों में होड़ रहती है।

खबर संक्षेप

बेटे ने मां पर बरसाई लोहे की रॉड, मौत

फिरोजाबाद। यूपी के फिरोजाबाद में शराब के नशे में धुत बेटा हैवान बन गया। उसने मां की डंडे व

सरिया से पीटकर हत्या कर दी। चीख-पुकार पर बचाने पहुंचे पिता पर भी हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए। इस बीच आरोपी फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं घटना के पांच घंटे बाद आरोपी को आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया।

लॉटरी के बिना हज पर जाएंगे सभी हज यात्री

बरेली। यूपी में हज यात्रा पर जाने वाले जितने भी हज यात्रियों (आजमीन) ने आवेदन किए उन



सबका जाना तय हो गया है। इस बार लॉटरी ड्रा का झंझट भी खत्म हो गया है। यूपी के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने 31180 का कोटा तय किया है। जबकि जाने वालों की संख्या 19702 है। इस बार हज यात्रा पर बिना मेहरम के पूरे प्रदेश से 141 मुस्लिम महिलाएं और 12 बच्चे जाएंगे।

जनवरी महीने में पांचवी बार अयोध्या पहुंचे सीएम योगी ने रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी

प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की

मंदिर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सीएम योगी आदित्यनाथ इस महीने में पांचवी बार सोमवार को अयोध्या पहुंचे। राम मंदिर पहुंचकर उन्होंने भक्तों के आने और दर्शन करने की व्यवस्थाओं को देखा। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी ने सुखी-स्वस्थ यूपी की कामना की। बता दें जनवरी माह में सीएम योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले सीएम 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे।

तीन गेट से आएंगे वीआईपी: सीएम योगी ने वीआईपी और वीवीआईपी के प्रवेश और निकासी की अलग से व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके लिए रामजन्मभूमि के गेट नंबर 10 और 11 के साथ एक अन्य वीआईपी गेट को उपयोग में लाया जाएगा। वीवीआईपी मूवमेंट होने की स्थिति में भी सामान्य रामभक्तों को कोई असुविधा नहीं होने पाएगी। उनका दर्शन-पूजन सुचारु ढंग से चलता रहेगा।

खास बातें

- दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया
- ट्रस्ट के अधिकारियों के साथ की बैठक
- व्यवस्थित ढंग से दर्शन करने की रणनीति पर विचार किया

श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई फास्ट ट्रैक लेन

रामलला के दरबार में लगातार सातवें दिन भी भक्तों की भीड़ उमड़ी है। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने सोमवार से नई व्यवस्था लागू की है। प्रशासन की ओर से राम जन्ममूमि पथ पर फास्ट ट्रैक लेन बनाई गई है। जो श्रद्धालु बैग, जूता, चप्पल व मोबाइल छोड़कर खाली हाथ आएंगे, उन्हें इस लेन से राम मंदिर परिसर भेजा जाएगा। वे सीधे राम मंदिर के सिंह द्वार तक पहुंच सकेंगे। इस लेन पर फास्ट ट्रैक लेन का संकेतक भी लगा दिया गया है। अभी जो श्रद्धालु बैग आदि लेकर आ रहे हैं, उन्हें पहले तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में सामान की जांच कराकर जमा करना होता है।

तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण

सीएम योगी ने तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। सीएम के ही निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ट्रस्ट से बातचीत कर इसे शुरू कराया है। निरीक्षण और भ्रमण के बाद सीएम ने राम मंदिर परिसर में एलएंडटी के सभाकक्ष में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों व राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय समेत अन्य ट्रस्टियों के साथ बैठक की।

रामजन्मभूमि पथ पर बनाए गए 14 नए काउंटर

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लगाए गए सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी 30 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। पहले इनकी ड्यूटी 25 जनवरी तक थी। भीड़ की स्थिति को देखते हुए ड्यूटी आगे भी बढ़ाई जा सकती है। एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय ने बताया कि राम जन्मभूमि पथ पर श्रद्धालुओं के सामान रखने के लिए 14 काउंटर नए शुरू किए गए हैं। 15 का और निर्माण कराया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए राम जन्ममूमि पथ पर स्टील के जिगजैग बैरियर बढ़ाए गए हैं। अयोध्या जंक्शन से टेढ़ी बाजार के बीच 10 हजार, राम जन्मभूमि परिसर में दो हजार व सुग्रीव किला के पास पांच हजार क्षमता का होल्डिंग एरिया बनाया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए टेढ़ी बाजार से नया घाट तक के इलाके को दर्शनार्थियों के लिए आरक्षित रखा गया है। इस क्षेत्र में वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बोले

ग्रुप डी से पहले सी की भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही करीब 60 हजार भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी। इनमें पहले ग्रुप सी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उसके बाद में ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने बिना किसी भेदभाव से सभी क्षेत्रों का समान विकास किया है।

जनहित में काम कर रही हरियाणा सरकार

पारदर्शी ढंग से व अंत्योदय की भावना पर चलते हुए पंक्ति में खड़े जरूरतमंद अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे गरीब लोगों को बिना मांगे उनका हक मिला है। इन जनकल्याणकारी योजनाओं व जनहित के कार्य के चलते केंद्र व हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। अबकी बार लोकसभा व विधानसभा में पहले से भी अधिक बहुमत मिलेगा।

इंडिया गठबंधन जनता द्वारा नकारे दलों का गठजोड़

उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भगवान श्री राम देश की आस्था है और हमारी आत्मा है। श्री राम के नाम पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो श्री राम का नहीं वो किसी का भी नहीं। लोकसभा व विधान सभा चुनाव इकट्ठे होने के सवाल पर सीएम मनोहर लाल ने कहा कि दोनों चुनाव एक साथ होने की संभावना कम ही लग रही है।

ग्रुप डी के पदों को तीन दिन में पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

चंडीगढ़। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिलों में कार्यरत ग्रुप-डी के रिक्त पदों की संख्या को तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव यहां विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक को नियुक्ति प्राधिकारी मनोनीत किया गया है।कौशल ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पदों की भर्ती की जाएगी। इनमें विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों के लिए 500 पद भी शामिल हैं।

पेज एक का शेष

बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड'...

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में परीक्षा के तनाव को लेकर देश-विदेश के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रश्नों के जवाब दे रहे थे। पीएम ने लगातार सातवीं बार प्रेशर हैंडल करने के सवाल पर अचंभा जताते हुए कहा कि शिक्षकों को इसमें अहम भूमिका निभानी चाहिए। यदि वे छोटे-छोटे प्रयास भी करें तो तनाव और दबाव को दूर किया जा सकता है। पीएम मोदी ने माता- पिता से भी अपील की कि बच्चों के परफॉर्मेंस और उसकी रिपोर्ट कार्ड को अपना 'विजिटिंग कार्ड' न बनाएं। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लगभग दो करोड़ 26 लाख पंजीकरण कराए गए। कक्षा छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। गौर हो कि पीएम मोदी के नेतृत्व में यह एक ऐसा विशाल आंदोलन है जिसमें युवाओं के लिए परीक्षा से पहले तनाव मुक्त वातावरण विकसित किया जाता है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम राष्ट्र शिल्पी हैं। 2047 तक आपके नेतृत्व में राष्ट्र विकसित बनेगा। परीक्षा में चर्चा जन आंदोलन बन गया है।

जागते समय पूरी...

लिए कुछ दिनचर्या, सूरज की रोशनी में समय बिताना और नियमित और पूरी नींद लेना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा, कि स्क्रीन टाइम जैसी आदतें आवश्यक नींद के समय को खा रही हैं, जिसे आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान द्वारा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। जागते समय पूरी तरह जागना और सोते समय गहरी नींद लेना एक संतुलन है, जिसे हासिल किया जा सकता है। पीएम ने संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया और फिटनेस के लिए नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर भी जोर दिया।

दूसरों से नहीं...

लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए।

देश भर के 15...

और कर्नाटक से 4-4, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से 3-3 और छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से 1 राज्यसभा सांसद सेवानिवृत्त होंगे। महाराष्ट्र से सेवानिवृत्त होने वाले राज्यसभा सांसदों में राणे, पूर्व सूचना व प्रसारण और पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और वरिष्ठ भाजपा नेता वी. मुरलीधरन शामिल हैं। शिवसेना (यूटी) सांसद अनिल देसाई, एनसीपी की वंदना चव्हाण और कांग्रेस के कुमार केतकर भी सेवानिवृत्त होंगे।

सिमी पर बढ़ाया गया...

की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को खतरे में डालने के लिए, आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल पाया गया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि कोई भी संगठन जिसका उद्देश्य भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करना है, उसे अस्तित्व में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। केंद्र ने अपने हलफनामे में आरोप लगाया कि सिमी के उद्देश्य देश के कानूनों के विपरीत हैं, क्योंकि संगठन का उद्देश्य इस्लाम के प्रचार में छात्रों और युवाओं को जुटाना और जिहाद के लिए समर्थन प्राप्त करना है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा गया कि कई सालों तक प्रतिबंधित रहने के बावजूद सिमी ने विभिन्न संगठनों के माध्यम से अवैध गतिविधियों में लिप्त रहना जारी रखा है, इसलिए उसके खिलाफ नया प्रतिबंध लगाया गया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था कि वह सिमी पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करे।

आरक्षित पद को ...

श्रेणी के पद का आरक्षण रद्द नहीं किया गया और ऐसा कोई आरक्षण समाप्त नहीं किया जाने वाला है। उन्होंने कहा कि सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि आरक्षित श्रेणी के सभी पूर्व में रिक्त पद (बैकलॉग) ठोस प्रयासों से भरे जाएं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री डी. पंडित ने कहा कि जेएनयू में कोई भी पद अनारक्षित नहीं किया गया है। हमें आरक्षित श्रेणी के तहत बहुत अच्छे अभ्यर्थी मिले हैं।

क्या थे नए ड्राफ्ट...

आरक्षण रद्द करने का औचित्य क्या है, यह भी बताना होगा। -ग्रुप 'सी' या 'डी' के मामले में आरक्षण समाप्त करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को भेजा जाना चाहिए और समूह 'ए' या 'बी' के मामले में प्रस्ताव आवश्यक अनुमोदन के लिए पूर्ण विवरण के साथ शिक्षा मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मंजूरी मिलने के बाद पद भरा जा सकता है और आरक्षण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

उत्तराखंड में 2 फरवरी ...

समिति अपनी रिपोर्ट हमें सौंपेगी। 2 फरवरी को रिपोर्ट मिलने के बाद इसे कैबिनेट में लाया जाएगा और उसके बाद राज्य विधानसभा में समान नागरिक संहिता लागू करने पर कार्रवाई की जाएगी। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। यूसीसी विवाह, विरासत, गोद लेने और अन्य मामलों से निपटने वाले कानूनों का एक सामान्य सेट प्रस्तावित करता है।

झारखंड में राष्ट्रपति शासन के कयास पर

राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा कोई भी कानून से ऊपर नहीं

एजेंसी ▶▶ रांची

जमीन घोटाला मामले में झारखंड के सीएम

हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। प्रदेश में कथित तौर पर राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। राष्ट्रपति शासन की कयासबाजी पर प्रदेश के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

संविधान के संरक्षक की भूमिका में

राज्यपाल के मुताबिक वे प्रदेश में संविधान के संरक्षक की भूमिका में है। हालात पर उनकी करीबी नजर है। यही राज्यपाल का काम भी है। राज्यपाल ने कहा, फिलहाल, राष्ट्रपति शासन की संभावनाएं कोरी कल्पनाएं हैं। इसकी संभावनाओं को खारिज करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के अधिकार में राजनीतिक दलों को शामिल करना ठीक नहीं है।

राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

एक से दूसरा धर्म लड़वाया जा रहा है कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोल रही

एजेंसी ▶▶ किशनगंज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिला के रास्ते बिहार के किशनगंज पहुंची। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं, समर्थकों, विधायकों और सांसदों ने राहुल गांधी का स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस-भाजपा की विचारधारा ने हिंसा और नफरत फैलाई है। भाई-भाई से लड़ रहा है। एक धर्म के लोग दूसरे धर्म से लड़ रहे हैं। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खुलनी चाहिए।

फरवरी में झारखंड पहुंचेगी यात्रा

रांची। भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को पाकुड़ जिले से झारखंड में प्रवेश करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा दो चरणों में पूरी होगी, जिसमें 8 दिनों में 13 जिलों में 804 किमी की दूरी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए रामगढ़, धनबाद, देवघर, दुमका और पाकुड़ का दौरा कर चुके हैं।

कांग्रेस पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही

नई दिल्ली। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी में कुछ बहुत ही महान और बुद्धिमान नेता हैं। एक तरफ जहां सभी राजनीतिक पार्टियां 2024 के चुनाव के लिए कमर कस रही हैं, वहीं दूसरी तरफ पूरी कांग्रेस पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही है, यात्रा कर रही है। दरअसल, हम 2024 के बाद यह पता लगाएंगे कि 2024 का चुनाव कैसे जीता जाए।' उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि हम 2029 के चुनावों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

वैज्ञानिक कर रहे हैं सूर्य स्थिति की गणना

2025 की रामनवमी पर होगा रामलला का सूर्याभिषेक

शिखर पर पड़ रही किरणें रामलला के माथे पर पहुंचेंगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजित बालक राम का सूर्य की किरणों से पहला अभिषेक रामनवमी 2025 में हो पाएगा। इसी रामनवमी को दोपहर 12 बजे रामलला के सूर्य तिलक की तैयारी थी लेकिन मंदिर का शिखर अभी अधूरा है। हालांकि निर्माण एजेंसी ने सूर्य तिलक के लिए जरूरी शिखर को 17 अप्रैल को आ रही रामनवमी से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह सूर्य अभिषेक 3 से 5 मिनट के लिए होगा।

शिखर से गर्भगृह तक उपकरण डिजाइन किया

सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इसके लिए मंदिर के शिखर से गर्भगृह तक उपकरण डिजाइन किया है। सीएसआईआर के वैज्ञानिक भी इस काम में लगे हैं। उपकरण का गर्भगृह वाला हिस्सा लगाया जा चुका है। बाकी मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर जोड़ा जाएगा। सूर्य और चंद्र मास की तिथियां हर 19 साल में रिपीट होती हैं। इसे ध्यान रखते हुए एक मैकेनिज्म विकसित किया जाता है इसमें दर्पण और लेंस को लगाया जाता है। मंदिर के शिखर पर जिस दर्पण पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी वह रामनवमी पर ऐसे घूमेगा कि किरणें परावर्तित होकर श्रीराम के मस्तक पहुंचें।

सूर्य की खगोलीय स्थिति का करेंगे अध्ययन

इसके लिए जरूरी है कि गर्भगृह के ऊपरी हिस्से को तेजी से तीसरी मंजिल तक पूरा कर दिया जाए, ताकि सूर्य तिलक के लिए उपकरण लगाया जा सके। सूर्य तिलक मैकेनिज्म का इस्तेमाल पहले से ही कुछ जैन मंदिरों और कोणार्क के सूर्य मंदिर में किया जा रहा है, हालांकि उसमें अलग तरह की इंजीनियरिंग काम करती है। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि सूर्य की किरणों से अभिषेक के लिए मंदिर के सभी शिखर बनने जरूरी हैं, ऐसे में पहला सूर्य अभिषेक रामनवमी 2025 में हो सकता है, फिलहाल विज्ञानियों की टीम इसके लिए काम कर रही है, जल्द ही यह टीम अयोध्या पहुंचेगी और सूर्य की खगोलीय स्थिति का एक बार फिर अध्ययन करेगी।

हरिभूमि
नई दिल्ली, मंगलवार
30 जनवरी 2024
सहेली

महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें : किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।

सही ढंग से करें मैनेज

वर्किंग वूमेन की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल : आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।

अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक : कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

जब तक आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

घर के बड़े-बड़े काम बना देती है
महिलाओं की छोटी-छोटी बचत

घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

तरीका बहुत अनौपचारिक : भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने : वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स : पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।

ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

एडवाइस / अंजू जैन

जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

कॉन्फिडेंट रहें : ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

माहौल को जानें-समझें : सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें–समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप

भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे, आपका समय आराम से बीत जाएगा।

ड्रेस का सेलेक्शन सही करें : किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

हेल्प ऑफर करें : आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

पार्टी को एंज्वॉय करें : किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।

किसी अकेले को ढूंढ़ लें

अगर आप किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

केयर / मधु सिंह

सोने के गहने हों या चांदी के, इनकी चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं।

चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी : चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। ऐसे रंगत खोए गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।

नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी: सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। फिर निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें।
- सोने के गहनों को थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। इस पानी में रात भर डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप
कैंसर से संभव है बचाव

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

क्या है वजहें : अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा कारण है।

प्रमुख प्रकार और लक्षण : महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-

सर्वाइकल कैंसर : पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

ब्रेस्ट कैंसर : ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

ओवेरियन कैंसर : अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर : मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

बचाव के उपाय : युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

(सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

नशे में अभद्रता करने वाले सचिव को हटाया

भोपाल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत नौढ़िया के सचिव सत्यभान सिंह को आमजन से शराब पीकर अभद्रता करने पर निलंबित कर दिया। ग्राम पंचायत का वित्तीय एवं सचिव प्रभार दिलीप पाण्डेय, सचिव ग्राम पंचायत नौढिया को सौंपा है। जारी आदेश में कहा गया कि निलंबन अवधि में सत्यभान सिंह का मुख्यालय जनपद पंचायत ब्यौहारी नियत किया जाता है एवं नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जारी आदेश में कहा है कि 26 जनवरी को ग्राम पंचायत नौढ़िया, जनपद पंचायत ब्यौहारी में सचिव द्वारा आमजन से शराब पीकर अभ्रदता की गई। शिकायत में प्रारंभिक जांच में उक्त शिकायत की पुष्टि हुई कि सचिव सत्यभान सिंह, ग्राम पंचायत नौढिया द्वारा ग्रामवासियों से अभद्रता की गयी है।

डॉ. गर्ग 'सुपरसोल' के लिए हुए सम्मानित

भोपाल। भोपाल के विश्वविख्यात सर्जन डॉ. भुवनेश्वर गर्ग को कैंसर

उपचार के लिए खोजी गई उनकी उपचार प्रक्रिया सुपरसोल के लिए फोर्टिस समूह ने बैंगलुरू में आयोजित विश्व कैंसर समिट में रविवार को सम्मानित किया।

लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा कॉल सेंटर

भोपाल। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी का कॉल सेन्टर जनता के लिए लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शर्म रविवार को कटनी प्रवास पर थे। उन्होंने भाजपा के कॉल सेंटर का शुभारंभ किया।

भोपाल आई तिब्बत की सांसद तेनजिन चोएजिन ने कहा-

भारत अपना घर लगता है, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं

संजीव सक्सेना ⏭ भोपाल

भारत के पड़ोसी और मैत्री संबंध वाले देश तिब्बत की सांसद तेनजिन चोएजिन और वेन गेशे नगापा गांगरी रविवार को भोपाल आए। इस दौरान अल्प प्रवास पर आई सांसद तेनजिन चोएजिन से कुछ अहम बिंदुओं पर हरिभूमि ने विशेष चर्चा की। चर्चा के दौरान सांसद तेनजिन चोएजिन ने बताया कि भारत उन्हें अपना घर लगता है। उनका जन्म भारत में ही हुआ है। वे मध्य प्रदेश आकर बेहद खुश हैं और आगे भी आना चाहेंगी।

हरिभूमि चर्चा

भारत के तिब्बत के साथ संबंधों को लेकर उन्होंने बहुत कुछ बताया, जिसे अब उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर भी शेयर कर दिया है। सांसद तेनजिन चोएजिन ने कहा है कि अभी वे मध्य प्रदेश किसी अन्य प्रयोजन के लिए आई हुई हैं, इसलिए तिब्बत के राजनैतिक और अन्य मुद्दों पर बहुत कुछ नहीं बता सकती हैं। इसके लिए उन्हें तिब्बत सरकार से दिशा निर्देश दिए गए हैं।

सांसद तेनजिन चोएजिन

भारत में मेरा जन्म हुआ है, इसलिए इस देश से खास जुड़ावः सांसद तेनजिन चोएजिन



सांसद तवेन गेशे नगापा गांगरी

भारत के विश्वगुरु बनने पर सांसद ने जताई खुशी

तिब्बत सांसद तेनजिन चोएजिन से जब भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर एक सवाल पूछा गया तो उनका कहना था कि वे खुश हैं, लेकिन तिब्बत सरकार की ओर से अभी इस संबंध में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती हैं। इसका कारण तिब्बत सरकार की ओर से उन्हें दिए गए दिशा निर्देश हैं। चूंकि, मेरा जन्म भी भारत में ही हुआ है, इसलिए इस देश से मेरा खास जुड़ाव है। यह खुशी की बात है। मैं यहां आकर बहुत खुश होती हूं।

दो सांसद आए हैं भोपाल

बता दें कि तिब्बत सरकार के दो सांसद वेन. गेशे नगापा गांगरी और तेनजिन चोएजिन मप्र आई हुई हैं। वे यहां भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही हैं। गिरिराज किशोर पोद्दार, पूर्व विधायक कटनी तथा समन्वयक भारत- तिब्बत सहयोग मंच, मध्य क्षेत्र ने बताया कि वे भोपाल, इंदौर सहित कुछ शहरों में पहुंचेंगी, जहां वे विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई विस्तृत समीक्षा

विक्रम व्यापार मेला, इंवेस्टर्स समिट विक्रमोत्सव एक मार्च से उज्जैन में

आयोजन में उज्जैन एवं मालवा की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएगी

महाकाल दर्शन एवं होटलों में रियायती दर पर स्टे उपलब्ध कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन जिले में एक मार्च से विक्रम व्यापार मेला, इंवेस्टर्स समिट एवं विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इंवेस्टर्स समिट में आमंत्रित उद्योगपतियों और उनकी उदयोग इकाइयों की जानकारी अपडेट की जा रही है। इंवेस्टर्स का फोकस विशेषतौर पर उज्जैन होगा। आयोजन का एक पार्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा।

उज्जैन एवं मालवा की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएगी। उज्जैन में इन आयोजनों की तैयारियों की रविवार को विस्तृत समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव एमएसएमई पी.नरहरि ने समीक्षा तैयारियों की जानकारी ली। विक्रमोत्सव, व्यापार मेला एवं इंवेस्टर्स समिट में प्रस्तावित गतिविधियों की सूची बनाई जा रही है।

मालवा का फूड एवं अन्य विशेषताएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। सभी सम्बन्धित विभागों को तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए। बजट एवं अन्य सुविधाएं संचालनालय नगरीय प्रशासन की ओर से मुहैया कराई जाएंगी।

इस बार इंवेस्टर्स समिट इंदौर के बजाय उज्जैन में होगी

एमपीआईडीसी के एमडी नवनीत कोठारी ने इंवेस्टर्स समिट के लिए चयनित स्थान बैठक की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एक सेक्टर उज्जैन पर केंद्रित होगा, जहां इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑटोमोबाइल का प्रमोशन किया जाएगा। अन्य सेक्टर में व्यावसायिक दुकानें, फूड जोन होगा। वाणिज्यिक कर विभाग को इलेक्ट्रॉनिक एवं घरेलु उपकरणों के विक्रय पर एसजीएसटी में छूट सम्बन्धी प्रावधान का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग से समन्वय कर महाकाल दर्शन एवं होटलों में रियायती दर पर स्टे उपलब्ध कराया जाएगा। मेले में विक्रय होने वाले गैर-परिवहन वाहनों तथा छोटे परिवहन पर पंजीयन शुल्क एवं रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव मंत्री परिषद के समक्ष रखा जाएगा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयोजन स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराएगा। पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग आदि अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत मृणाल मीना, आयुक्त नगर निगम आशीष पाठक सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री अठावले ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

पीएम मोदी के विकास का रथ कोई नहीं रोक सकता

प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों के आगे कांग्रेस जीरो, इंडी गठबंधन को छोड़ रहे दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि आज राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं, उन्हें मेरी सलाह है कि वे कांग्रेस पार्टी जोड़ो यात्रा निकालें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों के आगे आज कांग्रेस पार्टी जीरो बन गई है। इंडी गठबंधन से एक-एक पार्टी साथ छोड़ रही हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री अठावले ने रविवार को भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पांच सौ साल पहले मुगलों ने मंदिर को ढहाकर विवादित मस्जिद का निर्माण कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि यहां विवादित ढाचे का निर्माण हुआ है। मंदिर हिन्दू धर्म की आस्था का केन्द्र था और यहां भव्य राम मंदिर बनना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर निर्माण में बाधा डालने का काम किया। यहां तक कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्यौता ही ठुकरा दिया, यह इनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। केन्द्रीय राज्यमंत्री आठवले ने मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट कर चर्चा की।

कांग्रेस ने जनता को ठगने का काम किया

केन्द्रीय मंत्री अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से पूरे देश में विकास को गति देकर आगे बढ़ाया है और भ्रष्टाचार को समूल नष्ट किया है, उससे प्रधानमंत्री का देश-दुनिया में मान बढ़ा है। आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की जय-जयकार कर रहा है और भारत की ओर अपेक्षा भरी निगाह से देख रहा है। मोदी जहां भी जाते हैं, वहां हजारों लोगों की भीड़ मोदी-मोदी के नारों से स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सात दशक तक देश में राज किया, लेकिन विकास के नाम पर जनता को ठगने का काम किया है।

ममता ने पश्चिम बंगाल में अलग से चुनाव लड़ने का कर दिया ऐलान

अठावले ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अलग से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। अरविंद केजरीवाल पहले ही कह चुके हैं कि हम अलग से चुनाव लड़ेंगे। अब बिहार में नीतीश कुमार ने भी इंडी गठबंधन का दामन छोड़ दिया है। आने वाले समय में अपने पापकर्मों की वजह से कांग्रेस हाशिए पर जाने वाली है। एनडीए की सरकार 2044 तक सत्ता में रहने वाली है।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ में छात्रों ने सीखे 'मोदी मंत्र'

नई दिल्ली। कक्षा 4 से 12वीं तक के सभी छात्रों ने इस कार्यक्रम में अति उत्साह से भाग लिया और परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के मंत्र सीखे। प्राचार्य के आदेशानुसार इस कार्यक्रम को छात्रों को दिखाने की व्यवस्था पूर्व में करवा ली गई थी। प्रधानमंत्री से विशेष रूप से जुड़े होने के कारण छात्र इस कार्यक्रम के लिए पूर्व उत्साहित थे। देश के प्रत्येक कोने के छात्र माननीय प्रधानमंत्री से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रश्न कर रहे थे। प्रधानमंत्री महोदय सहजता व सरलता से छात्रों को संतुष्ट कर रहे थे। प्रश्न सभी छात्रों की समस्याओं से जुड़े थे अतः छात्र समाधान के उत्तर को उत्साहित होकर ध्यानपूर्वक सुन रहे थे। कार्यक्रम 11:00 बजे प्रातः से 1.10 अपराह्न तक चला। कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य तथा शिक्षकों का प्रयास सराहनीय रहा।

- कक्षा 4 से 12वीं तक के सभी छात्रों ने लिया भाग

एसएन मिश्रा बने परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव

भोपाल। राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को परिवहन विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है। पिछले दिनों तबादले के बाद यह परिवहन विभाग एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को अतिरिक्त रूप से सौंपा था। एसीएस मिश्रा इससे पहले भी काफी समय तक यह परिवहन विभाग का जिम्मा निभा चुके हैं। उनके पदभार ग्रहण करने पर डॉ. राजौरा इस पद से मुक्त हो जाएंगे। इसी तरह अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। शासन से जारी आदेश के अनुसार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की संचालक सुश्री निधि निवेदिता को एमडी महिला वित्त एवं विकास निगम दिया गया है। उज्जैन कलेक्टर पद से पिछले दिनों हटाए गए कुमार पुरूषोत्तम को उप सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में उप सचिव बनाया गया है।

नीतीश के बिहार सीएम बनने पर भोपाल में जेडीयू ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नीतीश कुमार के 9वीं बार बिहार का मुख्यमंत्री बनने पर राजधानी के ईमामी गेट चौहारा पर जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) के प्रदेशाध्यक्ष मिस्बाउल हसन ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया। मिस्बाउल हसन ने कहा कि अब फिर से बिहार मजबूत होकर देश व दुनिया में सुशासन व कानून का राज, समावेशी विकास व शांति सद्भाव के लिए जाना जाएगा। अब बिहार का चौतरफा विकास होगा।

गृहमंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन, जनकल्याण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गृह मंत्री शाह का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह से जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की और उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन ने गृहमंत्री शाह से मप्र संबंधी चर्चा की।

अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया गणतंत्र दिवस

फरीदाबाद। गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गणतंत्र दिवस का महापर्व मनाया गया। वेलफेयर की संस्थापिका और राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। उसके बाद बच्चों को मिठाई और पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर सरोज श्रीवास्तव ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया और उन्हे देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आगाज बहुत ही शानदार रहा। रेशमी गोप्पी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रणीता प्रभात ने उपस्थित सदस्यों राघवेंद्र कुमार , संयुक्ता श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव आदि को धन्यवाद दिया।

कुर्बानियां दी हैं तो ये गणतंत्र आया है : शैलजा सिंह

नई दिल्ली। पेड़ों की छाँव तले रचना पाठ की इस 107 वीं राष्ट्रीय गोष्ठी गणतंत्र दिवस से संबंधित भावों को समर्पित रही जिसमें राष्ट्र गौरव तथा देशभक्ति से जुड़ी रचनाओं का सरस वाचन हुआ। कवि-लेखक अवधेश सिंह के संयोजन व संचालन में आयोजित राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ कवि- फ़ल्मिकार-आलोचक उमेश कुमार गुड़गाँव की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि डॉ कुँवर वीरसिंह मार्तंड्य कोलकाता के सानिध्य में गणतंत्र दिवस के भावों पर समर्पित काव्य पाठ हुआ। देर शाम तक विख्यात कवि एवं कवियत्रियाँ क्रमशः बी.के वर्मा शैदी, अवधेश सिंह, मृत्युंजय साधक, हरिओम सिंह 'विमल' इटावा अंजु सुमन साधक, शैलजा सिंह, जेनी शबनम तथा तूलिका सेठ ने सरस काव्य पाठ कर श्रोताओं को मुग्ध किया। डॉ कुँवर वीरसिंह मार्तंड्य ने 'कलम' शीर्षक से भावपूर्ण लंबी कविता पढ़ी और कलम के आस पास के परिवेश पर कलम से निकलती प्रतिक्रिया को प्रकाशित किया। इसी क्रम में 'एक बूंद स्याही' शीर्षक से गीत पढ़ा जिसमें काली स्याही से निकलने वाले उजाले और प्रकाश को स्पष्ट किया। कवयित्री शैलजा सिंह ने पढ़ा - कुर्बानियाँ दीं हैं तो ये गणतंत्र पाया है / माँ भारती के रुख पे दिव्य तेज छाया है। भाव विभोर करते पढ़ा - मन के भीतर झाँक के देखो मिलेंगे चारों धाम / तेरे अंदर भी प्रभु राम मेरे अंदर भी प्रभु राम ...। गोष्ठी का प्रारम्भ माँ भारती की वंदना से करते हुए गीतकार मृतुंजय साधक ने श्रोताओं का ध्यान खींचा - माँ तेरी वंदना आज गाएँ / शीश चरणों में तेरे झुकाएँ / है हिमालय मुकुट भारती का / थाल लेकर खड़ा आरती का / सागरों ने छुए पैर इसके / भाव भरकर दीया हम जलाएँ ।

2161 करोड़ के शराब घोटाले में 70 लोगों के खिलाफ एफआईआर

इस तरह हुआ पूरा घोटाला

पार्ट ए के तहत आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर को शामिल किया गया है। ईडी की एफआईआर के मुताबिक अवैध वसूली के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर को टुटेजा की नजदीकियों का पूरा फायदा मिला। सीएसएमसीएल के एमडी के रूप में अरुणपति त्रिपाठी की नियुक्ति अनिल टुटेजा के प्रभाव की वजह से ही हो सकी। राज्य की नौकरशाही में प्रभाव के कारण, टुटेजा ने अनवर ढेबर और बाकी अधिकारियों के जरिए महत्वपूर्ण नियुक्तियों और सिंडिकेट को नियंत्रित किया। वहीं अनवर ढेबर वो व्यक्ति थे जिन्होंने पूरे कैश कलेक्शन को नियंत्रित किया। इसके अलावा सिंडिकेट को संरक्षण देने का काम पूर्व आईएएस विवेक ढांढ ने किया। ढेबर के करीबियों को लाइसेंसधारी, मैनपावर, कैश कलेक्शन जैसे सभी जगहों पर रखा गया। उनके सहयोगियों ने हजारों करोड़ रुपए का कमीशन कलेक्ट किया। एफआईआर में अनिल टुटेजा के बेटे यश टुटेजा का भी नाम है।

ईडी ने इस पूरे घोटाले में शामिल लोगों को 3 पार्ट में बांटा है

पार्ट ए - इसमें उन लोगों को शामिल किया गया है जिन्होंने छत्तीसगढ़ में शराब की आधिकारिक बिक्री के लिए शराब आपूर्तिकर्ताओं से अवैध कमीशन लिया।

पार्ट बी - वे लोग जिन्होंने राज्य में संचालित दुकानों से ही ऑफ-द-रिकॉर्ड अवैध देशी शराब की बिक्री की। डिस्टिलर्स, होलोग्राम निर्माता, बोतल निर्माता, ट्रांसपोर्टर, ह्यूमन रिसोर्स और जिला उत्पाद शुल्क अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ इसे किया गया था।

पार्ट सी - वे लोग जिन्हें डिस्टिलर्स ने कमीशन दिया। मार्केट शेयर में हिस्सेदारी को आपस में बांटने की मंजूरी देने के लिए यह कमीशन दिया गया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन उर्फ आशु पुत्र राज कुमार पता के–240, मंगोलपुरी, दिल्ली तथा प्लॉट नंबर 58–सी, खसरा नंबर 668, ब्लॉक बी करण विहार, फेज–5, किरारी सुलेमान नगर उत्तर पश्चिम दिल्ली–110086 ने एफआईआर संख्या 6000/2020 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सचिन उर्फ आशु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सचिन उर्फ आशु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 6000/2020 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त सचिन उर्फ आशु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी. भार्गव राव
महानगर दण्डाधिकारी–03
पश्चिम जिला कमरा नं.292, दूसरा तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/953/OD/2024

सूरजपुर का मामला, 12 गड्ढों में मिले सूंड, पैर और बाकी अंग

कुल्हाड़ी और फावड़े से काटकर हथिनी के शव के किए टुकड़े, फिर दफनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर जिले के रमकोला एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर के पास ही मादा हाथी के अवशेष टुकड़ों-टुकड़ों में मिले हैं। हथिनी के शव को कुल्हाड़ी और फावड़े से काटकर सूंड, पैर और बाकी अंग को 12 गड्ढों में दफनाया गया था। सूचना के बाद पुलिस ने 4 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, डीएफओ पंकज कमल को किसी ग्रामीण ने सूचना दी थी, कि धूरिया के जंगल में एक हथिनी को मारकर उसके शव को कई टुकड़ों में काटकर दफन किया गया है। इसके बाद रविवार को वन अमले ने दो ग्रामीणों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में उनके बताए मुताबिक खोदे गए गड्ढे में अवशेष मिले। जिसकी उम्र 15 से 20 वर्ष बताई गई है।

कुल्हाड़ी और फावड़े से टुकड़ों में काटा शव

पशु चिकित्सकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक हथिनी की मौत करीब एक माह या 40 दिन पहले हुई है। उसके पैरों और सूंड में करंट लगने के निशान मिले हैं। हथिनी के अंगों को कुल्हाड़ी और फावड़े से काटा गया है। जबड़े में 10-10 दांत मिले हैं। इसके साथ ही सभी हड्डियां सुरक्षित मिली हैं।

फसल को बचाने के लिए लगाया जाता है करंट

शुरुआती जांच में पता चला है कि ग्रामीणों ने फसल को बचाने के लिए जीआई तार बिछाकर करंट फैलाया था। घटना स्थल मेन रोड से करीब 400 मीटर अंदर है। पास में ही एक तालाब भी है। आशंका जताई जा रही है कि हथिनी अकेले विचरण कर रही थी इसी दौरान करंट लगने से हथिनी की मौत हो गई। इसके बाद कुछ ग्रामीणों ने हथिनी की मौत को छिपाने उसके शव को काटकर गाड़ दिया। फिलहाल इस मामले में वन अमले ने धूरिया निवासी नरेंद्र सिंह गोंड़ (37), जनकू राम (52), रामचंद्र अगरिया (58), माधव अगरिया (27) को गिरफ्तार किया है। दो अन्य ग्रामीणों की संलिप्तता बताई गई है, जो फरार हैं।

बाकी ग्रामीणों के संलिप्तता की होगी जांच

उप वनमंडलाधिकारी प्रतापपुर आशुतोष भगत ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इसमें अन्य ग्रामीणों की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। सभी को पकड़ लिया जाएगा। सभी के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर में पेश किया जाएगा।

चिंतन

जाति-धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलें हम

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की एक बड़ी समस्या जाति-धर्म के उल्लेख की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश संविधान की आकांक्षा के अनुरूप है, प्रगतिशील है व स्वागतयोग्य है। भारतीय समाज जाति व धर्म की संकीर्णता से जकड़ा हुआ है। संवैधानिक रूप से सभी नागरिक एक समान हैं, सभी को समान मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर भी जातिवाद व धर्मवाद भारतीय समाज को खोखला कर रहे हैं। आजादी के करीब 77 साल होने के बावजूद भारत ने कानूनी तौर पर जातिवाद से मुक्ति नहीं पाई है। जातिवाद को खत्म करने की दिशा में आजादी के बाद ही राजनीतिक व सरकारी प्रयास होने चाहिए थे। संविधान में सबको समान अधिकार दे दिए जाने के बाद मान लिया गया कि देश से जातिवाद की कुप्रथा खत्म हो जाएगी। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने खुद एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति की विनाश) नाम से पुस्तक लिखी थी और संविधान में मौलिक अधिकारों में सबको समान होने की भावना का समावेश किया था। उन्होंने जातिगत आरक्षण की व्यवस्था भी केवल दस साल के लिए ही की थी, लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने जातिगत आरक्षण को अनवरत जारी रखा। आज जातिगत राजनीति के चलते समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी होती गई हैं। वोट बैंक के लिए देश में जाति जनगणना को अंजाम दिया गया है। थाने, शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर नौकरियों के फार्म भरने, जनगणना व अदालती कार्यवाही तक लोगों की जाति व धर्म का उल्लेख किया जाता है, जो संविधान की भावना का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उचित ही कहा है, 'हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है। सरकार अगर चाहेगी तो, देश से जातिवाद को खत्म किया जा सकता है। सरकार नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाने को प्रतिबंधित कर सकती है, आम नागरिक भी स्वेच्छा से अपने व अपने बच्चों के नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाना बंद कर सकते हैं। कम से कम कोर्ट कचहरी, थाना समेत सभी सरकारी क्रियाकलापों में जाति व धर्म का उल्लेख बंद होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार जातिमुक्त आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की भावना व्यक्त की है। हमें सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए और जाति व धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलना चाहिए।

राजनीति

अवधेश कुमार

नीतीश के जाने से 'इंडिया' को धक्का

नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम करेंगे। नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी दरक गई है। सच कहा जाए तो नीतीश के पाला बदलने के साथ इंडिया एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया है।

बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम में ऐसा कुछ नहीं है जिसमें कोई चौंकाने वाला तत्व तलाशे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की राजनीति में पलटने और पलटवाने का ऐसा जुगुप्सापूर्ण प्रतिमान रचा है, जिसकी तुलना राजनीति में किसी भी पाला बदल से नहीं हो सकती। एक ही सरकार के साढ़े तीन वर्ष में तीन बार शपथ लेने का रिकॉर्ड उनके ही नाम होगा। निस्संदेह, इसका भी विश्लेषण होना चाहिए कि वह ऐसा क्यों करते हैं और दोनों प्रमुख पार्टियां भाजपा तथा राजद उनसे नाराज होकर भी फिर क्यों गले लगाते हैं। किंतु इस बार का पाला बदल केवल यही तक सीमित नहीं है। बिहार सहित भारतीय राजनीति के लिए इसके मायने ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम कर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करेंगे। उन्होंने लगातार इसके लिए कोशिश भी की। भाजपा और नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले किए। लंबे प्रयास के बाद जून, 2023 में बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने विपक्षी नेताओं की पहली संयुक्त बैठक बुलाने में सफलता पाई। इस पृष्ठभूमि में उनका लोकसभा चुनाव के पहले फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आने का राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से निहितार्थ क्या हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं।

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद राजभवन के बाहर पत्रकारों से बहुत कुछ नहीं कहा। बावजूद इतना तो कहा ही कि हमने विरोधी दलों को इकट्ठा करने की कोशिश की, काम करने की कोशिश की, लेकिन कुछ हो ही नहीं रहा था, अच्छा नहीं चल रहा था। यह भी कहा कि बहुत दिनों से तो मैंने बोलना ही बंद कर दिया था। दूसरी ओर दिल्ली में इस समय नीतीश कुमार के विश्वसनीय रणनीतिकार एवं पार्टी के नेता केसी त्यागी ने आईएनडीआईए की अंदरुनी स्थिति और उसमें भी कांग्रेस के व्यवहार पर ज्यादा टिप्पणी की। उनके पूरे वक्तव्य का अर्थ यही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबले की आईएनडीआईए में तैयारी तो नहीं ही थी, बल्कि एक दूसरे के विरुद्ध नेता और पार्टियां काम कर रहे थे। इसमें उन्होंने कांग्रेस को सबसे ज्यादा निशाने पर लिया। उन्होंने यहां तक कहा कि हमें मलाल है कि एक मरी हुई कांग्रेस पार्टी को भी हमने नेताओं के दरवाजे जा-जाकर जीवित कर दिया। जिस व्यक्ति ने सबसे पहले विपक्षी एकता की आवाज उठाई, जिसने विचार दिया कि भाजपा के उम्मीदवारों के विरुद्ध विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा किया जाए तो ये सत्ता से हट जाएंगे, जिसने भाजपा को 150 सीटों से नीचे से सिमटाने की बात की, यदि वही बाहर आ गया तो भाजपा विरोधी दलों या पूरी राजनीति के लिए लोकसभा चुनाव के पूर्व इससे

बड़ा आघात कुछ नहीं हो सकता है? नीतीश और उनके विश्वसनीय सहयोगी आईएनडीआईए (इंडिया) पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं तथा बिहार में उस गठबंधन सरकार से बाहर आने का प्रमुख कारण बता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है। यानी 'इंडिया' के नाम पर एक दूसरे के साथ बीच-बीच में बैठने वाले नेता भले बयान जो दें, अंदर न कोई वैचारिकता है और न ही संघर्ष करने की मानसिक तैयारी। इस तरह नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि आईएनडीआईए में एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का पूरा अभाव है।

नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी की तस्वीर तो यह है ही। सच कहा जाए तो नीतीश कुमार के पाला बदलने के साथ आईएनडीआईए एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया। ध्यान रखिए नीतीश कुमार के अंदर 2010 से ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के नेतृत्व करने की छटपटाहट देखी है। वो हार मान कर अपनी आकांक्षा को बलि चढ़ा रहे हैं तो यह सामान्य पाला बदू की घटना नहीं है। इस नाते बिहार की घटना के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। प्रश्न है कि क्या इस तरह की घटना बिहार तक सीमित रहेगी या किसी न किसी रूप में इसकी प्रतिध्वनि देश के अन्य भागों से भी सुनाई पड़ेगी? कारण, इस घटना के साथ विचारधारा जुड़ी है। नीतीश कुमार ने राजग से अलग होने के बाद भाजपा पर सांप्रदायिकता एवं समाज को तोड़ने का भी आरोप लगाया था। आईएनडीआईए के गठन के पीछे भाजपा विरोधी दल विचारधारा की आवाज उठा रहे थे। नीतीश भी यही कह रहे थे कि ये लोग समाज को तोड़ने वाले हैं। मोदी व भाजपा विरोधी राजनीति को सांप्रदायिकता बनाम सेक्युलरवाद का चरित्र देने की कोशिश थी। इसके साथ कांग्रेस सहित कई पार्टियों ने लोकतंत्र और संविधान बचाने की बात की और राहुल गांधी लगातार यही बोल रहे हैं। नीतीश का पाला बदलना साबित करता है कि मोदी और भाजपा विरोध के पीछे विचारधारा कारक था ही नहीं। तो आगे भी यह नहीं होगा। यही सच भी है। कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को ठुकरा कर यही संदेश देने की कोशिश की कि हम भाजपा के यानी सांप्रदायिकता के साथ नहीं है। दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण भारत को जिस तरह एकाकार किया, शहर-शहर, गांव-गांव में रामायण पाठ से लेकर रामधुन की गूंज सुनाई दी, शोभायात्रा निकली और दीपावली मनाई गई, वह प्रमाण है कि विपक्ष की तथाकथित विचारधारा के साथ देश का बहुमत नहीं है। बहुमत हिन्दुत्व के साथ है और उसे विपक्ष की राजनीति स्वीकार नहीं है। नीतीश कुमार को 22 जनवरी के बिहार को देखने के बाद इसका सम्पूर्ण एहसास हो गया होगा। कारण, बिहार में ऐसा कोई शहर और गांव नहीं जहां अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम नहीं हुए। हर पार्टी के अंदर ऐसे लोग खड़े हुए जिन्होंने अपने नेताओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को गलत कहा। कॉन्ग्रेस के कई नेता तो सामने आकर इसके विरोध में वक्तव्य देने से भी नहीं चुके। नीतीश कुमार के निर्णय के पीछे प्राण प्रतिष्ठा भी एक प्रमुख कारक है। देश के राममय और हिंदुत्वमय वातावरण के दबाव में राजनीति के आने का अर्थ हुआ कि आने वाले समय में विपक्षी एकता की हवा और निकलेगी तथा भाजपा संग का आकर्षण बढ़ेगा। संभव है दूसरे राज्यों में भी भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर कुछ दल और नेता आएं। पंजाब में शायद मूल अकाली दल के साथ गठबंधन हो जाए। संभव है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ की शिवसेना में भी टूट हो। तमिलनाडु भी इससे वंचित नहीं रह सकता। निश्चित मानिए आने वाले समय में तमिलनाडु में भी कुछ दल भाजपा के साथ आएंगे तो कुछ नेता विरोध परित्याग कर चुनाव में गठबंधन करने की कोशिश करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

शिक्षा व्यवस्था

अलका आर्य

कोचिंग सेंटरों पर अंकुश कितना प्रभावी होगा!

देश का कोई छोटा कस्बा हो या बड़ा शहर, छोटी बस्ती हो या पॉश इलाका, अक्सर यहां पर एक सामान्य दृश्य जो नजर आता है, वह है छात्रों की भीड़ और कोचिंग संस्थानों के लटकते बोर्ड। जैसे ही नया शैक्षाणिक सत्र शुरू होता है, उसके समानांतर ही कोचिंग संस्थानों के इश्तहार व होर्डिंग अपनी-अपनी जगह पर सज जाते हैं। कोचिंग संस्कृति, कोचिंग बाजार की पकड़ भारत में बहुत मजबूत है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली पर एक बहुत बड़ा सवाल है। नई शिक्षा नीति 2020 में साफ कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षा सहित माध्यमिक स्कूल परीक्षाओं की वर्तमान प्रवत्ति और आज की कोचिंग संस्कृति विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालय स्तर पर बहुत नुकसान कर रही है। इनके चलते विद्यार्थी अपना कीमती समय सार्थक अध्ययन की बजाए परीक्षाओं की तैयारी और परीक्षा कोचिंग करने में खर्च कर रहे हैं।' राजस्थान का कोटा शहर जोकि इंजीनियरिंग व मेडिकल की प्रवेश परीक्षा का कोचिंग हब है, वहां बीते साल 2023 में 28 छात्रों ने पढ़ाई के तनाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। देश में गाहे-बगाहे कोचिंग संस्थानों पर छात्रों पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगाया जाता है और इसके साथ ही ऐसे संस्थान प्रतियोगिता की मौजूदा होड़ का समाधान देने का भी दावा करते हैं। बहरहाल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति के मद्देनजर व समाज के एक तबके की आवाज को महत्व देते हुए हाल में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुल्क में कोचिंग संस्थान 16 साल से कम आयु के बच्चों को अपने यहां दाखिला नहीं दे सकेंगे। कोचिंग में नामांकन सेकंडरी यानी 10वीं कक्षा की परीक्षा के बाद ही हो सकेगा। ऐसे संस्थान बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को भ्रामक वादे, रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं दे सकेंगे। कोचिंग संस्थान अपनी गुणवत्ता, सुविधाओं या अपने यहां पढ़े छात्रों के परिणामों के बारे में प्रत्यक्ष या परोक्ष दावा भी नहीं करेंगे। ऐसे कई दिशा-निर्देश केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में देशभर में संचालित हजारों कोचिंग केंद्रों के लिए जारी किए हैं। कोचिंग केंद्र के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा-निर्देश 2024' नाम से जारी गाइडलाइन में कई अहम बातों का उल्लेख है। दिशा-निर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योगयता वाले शिक्षक नहीं रख सकेंगे। पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा और इसके बाद ही कोचिंग शुरू हो सकेगी। छात्रों के लिए जरूरी जगह व संसाधन नहीं है तो पंजीकरण नहीं होगा। सभी पंजीकृत छात्रों को नोट्स व पाठ्यसामग्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देनी होगी। स्कूल समय अवधि में कोचिंग नहीं होगी। ऐसी डमी स्कूलों से बचने के लिए है। छात्रों के टेस्ट के परिणाम सार्वजनिक नहीं करेंगे। इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा अन्य विकल्प बताने होंगे।

नई शिक्षा नीति में भी ऐसा जिक्र है-ये परीक्षाएं विद्यार्थियों को चुनाव के विकल्पों में लचीलापन जो कि भविष्य की व्यक्ति केंद्रित शिक्षा प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण होगा-देने के बजाए उन्हें किसी खास स्ट्रीम में संकुचित दायरे में ही तैयार करने के लिए मजबूर करती है।' दिशा-निर्देशों के उल्लघंन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान किया गया है। शिक्षा विभाग की दलील ऐसे दिशा-निर्देशों को जारी करने के पीछे यह है कि छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, कक्षाओं में आग लगने की घटनाओं व कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं की कमी है। मंत्रालय ने कहा है कि इसका मकसद संस्थानों को विनियमित करने के लिए कानूनी ढांचे की जरूरत पूरी करना और इसकी बढ़ती संख्या रोकना है। क्या ऐसे दिशा-निर्देश प्रभावी होंगे। क्या यह व्यावहारिक बदलाव लाएंगे या 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मिलने वाली कोचिंग का मौजूदा स्वरूप नया रूप ले लेगा। शिक्षा मंत्रालय, विभाग को इस पर गहन मंथन बहुत पहले ही करना चाहिए था कि आखिर बच्चों, किशोरों को स्कूल से बाहर कोचिंग, ट्यूशन की जरूरत क्यों पड़ती है? अब क्या जमीनी स्तर पर 16 साल से कम आयु के छात्र कोचिंग संस्थानों में पढ़ते हुए नजर नहीं आएंगे। यहां पर हाल ही में जारी असर रिपोर्ट का जिक्र करना प्रासगिंक है जो स्कूली शिक्षा के स्तर पर रोशनी डालती है। देश में 14-18 साल की आयु के 87 प्रतिशत से अधिक युवा स्कूल-कॉलेज में बेशक पढ़ रहे हैं, लेकिन उनमें से एक चौथाई अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर का पाठ नहीं पढ़ पाते। यह रिपोर्ट देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में सरकारी व निजी दोनों संस्थानों में नामांकित 34,745 किशोरों के सर्वेक्षण पर आधारित है। ये दिशा-निर्देश कितने प्रभावी होंगे,यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें

संकलित

दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

अंतर्मन



आज की पाती

नशे को न कहें युवा

नशा नासूर बन गया है। देश के विकास में युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ और तंदरुस्त युवा देश के विकास को रफ्तार दे सकते हैं। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि आज भारत के कुछ युवा नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी को नरक बना रहे हैं। नशा, नाश का दूसरा नाम है। जिसने भी नशे का दामन एक बार पकड़ लिया उसे नशा मौत के मुंह तक तो ले ही जाता है। साथ ही उसके घर परिवार का भी कई बार नाश कर देता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है। हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। नशा युवा पीढ़ी को कमजोर करता है, इसलिए नशे को न कहें।

– विकास उपाध्याय, भिलाई

ट्रेंड

परीक्षा पर चर्चा

प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों से ये सातवां संवाद है जो तनावमुक्त, भयमुक्त और सकारात्मक प्रभाव डालते हुए हर परिस्थिति का सामना करने और जीतने की प्रेरणा देता है। छात्रों को दिए गए उनके मंत्र उनके विवेक को बढ़ाएंगे।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

गुस्सा पैदा हो रहा

युवा से पूछिए कि वे क्या करना चाहते हैं? वे बताएंगे कि रोजगार चाहिए। सच्चाई ये है कि आज हिंदुस्तान में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। युवा सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे, जिसके कारण उनके दिल में नफरत और गुस्सा पैदा हो रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

इंसान से गलती

हम सभी गलतियां करते हैं। कभी-कभी अच्छे लोग गलत चुनाव कर लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वे बुरे हैं, इसका मतलब है कि वे इंसान हैं और इंसान से ही गलती होती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

जन्म सिद्ध हुआ

दर्शन पाकर एक जन्म सिद्ध हुआ, राम प्रकट हुए इस युग में, यह युग भी सिद्ध हुआ, ऐसी शुभ घड़ी जैसे जगत का कल्याण हो रहा, मनुष्यों, जीवों में सदभावना हो रही। सत्य निष्ठा पूर्ण प्रार्थनाओं का श्रव्य महादेव तक हो रहा हो।

-कैलाश खेर, गीतकार

करंट अफेयर

मुइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लाने तैयार

मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाला मुख्य विपक्षी दल एमडीपी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव रखने की तैयारी कर रहा है। खबरों में यह दावा किया गया। इससे पहले रविवार को संसद में सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच चीन समर्थक राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों की मंजूरी पर मतभेदों को लेकर विवाद हो गया था। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया, जिसके बाद सत्तारूढ़ प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम) गठबंधन के सरकार समर्थक सांसदों ने संसदीय कार्यवाही में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया। 'सन डॉट कॉम' ने एमडीपी के एक सांसद के हवाले से कहा, 'एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त संख्या में हस्ताक्षर करा लिए हैं। हालांकि, उन्होंने अभी इसे जमा नहीं किया है।' 'द एडिशन डॉट एमवी' की खबर के अनुसार एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार को हुई बैठक में महाभियोग प्रस्ताव को जमा करने का फैसला सर्वसम्मति से किया गया।

ऑफ बीट

जिनकी हम परवाह करते हैं यह संख्या सीमित हैं

जीवन यापन की लागत का संकट, कोविड, जलवायु परिवर्तन और कई वैश्विक संघर्षों और शरणार्थी संकटों के बीच जब इन सबके कारण परेशान होने वाले लोगों के बारे में सोचते हैं, तो हम यह कैसे तय करें कि हमें अपनी करुणा को कहाँ निर्देशित करना है? एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से खंडित होती जा रही है, हम यह पता लगाना चाहते थे कि क्या लोग 'हम' और 'वह' के बीच विभाजन को पाट सकते हैं - दूसरों की मदद करने की इच्छा की भावना को बढ़ाने के लिए, जो आम तौर पर उनके 'नैतिक दायरे' से परे होते हैं। हमने पाया कि करुणा प्रशिक्षण की आश्चर्यजनक रूप से छोटी अवधि किसी व्यक्ति के उस निकटतम दायरे से परे लोगों की संख्या को बढ़ा सकती है, जिनकी वह परवाह करता है। यह समझना कि हमारे लिए कौन सबसे अधिक मायने रखता है, सभी नैतिक संबंध समान नहीं होते हैं। यदि परेशान व्यक्ति हमारा बच्चा, हमारा साथी, हमारा दोस्त है, तो हम मदद करने के लिए तत्पर हैं। लेकिन जब किसी अनजान अजनबी, या ग्रह के दूसरी ओर के किसी व्यक्ति की पीड़ा का सामना करना पड़ता है, तो मदद करने की हमारी प्रेरणा कम हो जाती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भारतीय गौरव का प्रतीक बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

गणतंत्र दिवस के समापन समारोह को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी कहा जाता है। बीटिंग रिट्रीट सेना का अपने बैरक में लौटने का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसा माना जाता है, जब शाम के वक्त सेनाएं युद्ध समाप्त करके लौटती थीं और युद्ध के मैदान से वापस आने के बाद अपने अस्त्र-शस्त्र उतार कर रखती थी। इस दौरान झंडे नीचे उतार दिए जाते थे और इसे ही बीटिंग रिट्रीट कहते हैं।

नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने स्वागत किया।

कब शुरु हुई बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

बीटिंग द रिट्रीट की शुरुआत 17वीं शताब्दी में इंग्लैंड से हुई थी। तब इंग्लैंड के किंग जेम्स सेंकड ने अपने सैनिकों को ड्रम बजाने, झंडे डाउन करने और जंग खत्म होने के बाद की घोषणा करने के लिए एक परेड आयोजित करने का आदेश दिया था। उस समय इस सेरेमनी को 'वॉच सेटिंग' कहा जाता था।

इस साल क्यों खास है?

इस वर्ष बीटिंग द रिट्रीट समारोह का एक प्रमुख आकर्षण शास्त्रीय रागों से प्रेरित 29 धुनों की भव्य धूमधाम से हुई। इस साल के समारोह में अब तक के सबसे बड़े ड्रोन शो में से एक का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें 3,500 स्वदेशी ड्रोन रायसीना हिल्स के आसमान को रोशन किया।

भारत में बीटिंग रीट्रीट की शुरुआत

भारत में रीट्रीट की शुरुआत 1950 के दशक में शुरू हुई थी। तभी से इसे बीटिंग रीट्रीट कहा जाता है। तब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट ने इस कार्यक्रम को सेनाओं के बैंड के साथ इसका प्रदर्शन किया था जिसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि और ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अथिति के तौर पर शामिल हुए थे।

सीएम हाउस से मेल पर जानकारी मिली कि 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश होंगे

ईडी के डर से लापता हुए झारखंड के सीएम सोरेन? उनकी तलाश

27 जनवरी को रांची के राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, फिर दिल्ली रवाना हो गए

ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंची। लेकिन अभी तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। हालांकि, झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने करप्शन पर ताबड़तोड़ धावा बोल दिया है। ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंची। लेकिन खबर लिखे जाने तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। ये हैरान करने वाला मामला है कि ईडी के डर से एक राज्य का मुख्यमंत्री लापता हो गया है। हालांकि झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे। मगर सीएम का अभी तक कोई सुराग ना लग पाना अपने आप में चौंकाने वाली बात है। ईडी के इस समन के बाद हेमंत सोरेन 27 जनवरी को रांची में राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर दिल्ली रवाना हो गए। उनके पीछे पीछे ईडी की टीम आज दिल्ली पहुंच गई। ईडी की टीम शांति निकेतन, मोतीलाल नेहरू मार्ग और झारखंड भवन पहुंची, लेकिन तीनों जगह झारखंड के सीएम का सुराग नहीं मिला। हालांकि ईडी ने उनके घर से कुछ अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन को आज ही गिरफ्तार किया जा सकता है।हालांकि ये बात भी कही जा रही है कि सीनियर वकील कपिल सिब्बल से रविवार को ही हेमंत सोरेन ने मुलाकात की थी और माना जा रहा है कि ईडी के समन के खिलाफ हमेंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं। आज सीएम सोरेन को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उनका कोई पता नहीं लग पाया है।

- टीम ने तीन जगह की सीएम की तलाश
- सीनियर वकील कपिल सिब्बल से मुलाकात की हो रही चर्चा

ईडी ने कहा था- आप नहीं आए तो हम आएंगे

जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को दसवां समन भेजा था और कहा था कि वो 29 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक अपना बयान दर्ज कराएं। ईडी ने कहा था कि अगर आप हमारे पास नहीं आएंगे तो हम टीम लेकर आपके यहां आएंगे।

अभी तक 14 गिरफ्तार

अभी तक गिरफ्तार किए गए 14 आरोपियों में प्रदीप बागची,सद्दाम हुसैन,तल्हा खान, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, फैयाज खान, भानु प्रताप प्रसाद, छवि रंजन, आईएएस (पूर्व डीसी रांची) दिलीप कुमार घोष, विष्णु कुमार अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल शामिल हैं। रुपयों की बात करें तो ईडी की टीम इस पूरे केस में अब तक 236 करोड़ रुपये से ज्यादा संपत्तियों को जब्त कर चुकी है।

नौकरी के बदले जमीन का मामला

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए पटना ईडी दफ्तर पहुंची। जहां उनके साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता पटना में ईडी दफ्तर के बाहर जुटे और नारेबाजी की। कुछ दिन पहले ईडी ने लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी को पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया था। लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरी के बदले जमीन हथियाने का आरोप है। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक 2004 से 2009 तक इंडियन रेलवे के अलग.अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में उन्होंने अपनी जमीन लेने का आरोप है।

लालू से 9 घंटे में पूछे 50 से अधिक सवाल

ईडी ने लालू से 50 से अधिक सवाल किए। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने पूछा कि नौकरी के बदले जमीन का कॉनसेप्ट क्यों था? हृदय नारायण चौधरी से संपर्क कैसे हुआ? लालू से दिल्ली और पटना के ईडी अधिकारी ने पूछताछ की।

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से ईडी ने की पूछताछ



हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली में ईडी पूछताछ कर रही है। मानेसर लैंड डील मामले में दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछताछ हो रही है। दो हफ्ते पहले भी हुड्डा को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।कुछ दिन पहले भी प्रवर्तन निदेशालय ने 2004-07 के दौरान हुए गुरुग्राम के 1500 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से छह घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने एक हफ्ते पहले उन्हें जांच में शामिल होने का नोटिस दिया था। ईडी ने दिल्ली मुख्यालय में पीएमएलए कानून के तहत 76 वर्षीय हुड्डा के बयान दर्ज किए।

विधानसभा अध्यक्ष पद की रेस

नीतीश करेंगे कैबिनेट विस्तार शाहनवाज को जगह संभव

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एनडीए के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है। नीतीश कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नए मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर एनडीए के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। भाजपा नेताओं ने सोमवार को संकेत दिया कि अन्य जातियों, अल्पसंख्यक समूहों और महिला विधायकों को जगह देने के लिए एक या दो दिन में आगे भी कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा। जेडीयू के एक नेता ने बताया कि नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले संभावित चेहरों में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन, नितिन नवीन, रामप्रीत पासवान, जनक राम, श्रेयशी सिंह और जेडीयू नेता सुनील कुमार सिंह, मदन सहनी, लेसी सिंह, शीला मंडल, जयंत राज अशोक चौधरी और संजय झा के नाम की चर्चा है।

अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा

इस बीच, भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधित्व करने वाले अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा है। नोटिस में भाजपा नेताओं ने वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष में विश्वास की कमी व्यक्त की है क्योंकि नई सरकार सत्ता में आ गई है। प्रस्ताव पर भाजपा के साथ-साथ जेडीयू के विधायकों ने भी हस्ताक्षर किए। सूत्रों से पता चला है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद भाजपा के पास रहने की उम्मीद है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए जिन नामों की चर्चा चल रही है उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव और अमरेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी शामिल है।

खबर संक्षेप

शुभेंदु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

कोलकाता। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने पार्टी के नेता राहुल गांधी के बारे में कथित तौर पर अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के लिए सोमवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने इसे अपमान माना है।

खाट्टर ने ई-लाइब्रेरी के लिए पैतृक घर दिया

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को अपने पैतृक गांव रोहतक जिले के बनियानी में पहुंचे। वहां उन्होंने अपना पैतृक घर गांव के अधिकारियों को सौंप दिया है। बच्चों के लिए ई-लाइब्रेरी की स्थापना के लिए ये घर दिया गया है।



पति का प्राइवेट पार्ट पत्नी ने दांत से काटा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक पति अपनी पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाना चाहता था। लेकिन उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए जिद कर रहा था। जिससे नाराज होकर महिला ने अपने पति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

खड़गे बोले-फिर मोदी आए तो नहीं होंगे चुनाव, केजरीवाल ने कहा-गलत किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यू-टर्न लेते हुए एनडीए का दामन थाम लिया है। नीतीश के इस निर्णय से विपक्ष में भारी गुस्सा है। ओडिशा पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुस्से में यहां तक कह दिया कि इस साल के लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी आते हैं तो मानकर चलिए फिर दुबारा चुनाव नहीं होंगे। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहरी सांस लेते हुए सिर्फ इतना कहा कि नीतीश ने जो भी किया गलत किया। बता दें कि भाजपा के विरोध में महागठबंधन के लिए नीतीश ने काफी मेहनत की थी लेकिन उन्हे अपेक्षानुसार महत्व नहीं दिया गया।

नीतीश के यू टर्न पर भड़का विपक्ष

खरगे और केजरीवाल का गुस्सा

भुवनेश्वर में ओडिशा बचाओ समावेश कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा है। खड़गे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे तो यह आम चुनाव देश का आखिरी चुनाव होगा। खड़गे ने दावा किया कि यदि पीएम मोदी इस साल आम चुनाव के बाद फिर से अपनी सरकार बना लेते हैं तो वह किसी की नहीं सुनेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि देश के लोग 2024 में आखिरी बार चुनाव में हिस्सा लेंगे। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि इससे भाजपा के एनडीए को ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि नीतीश कुमार को नहीं जाना चाहिए था। कहा कि नीतीश कुमार ने गलत किया है।

कर्नाटक में हनुमान ध्वज को उतारने पर मचा बवाल

बेंगलुरु। मंड्या जिले के केरेगोडु गांव में राम मंदिर के सामने एक 108 फुट ऊंचा स्तंभ है जिस पर पर हनुमान धव्ज लहराता है। मगर प्रशासन ने स्तंभ से हनुमान ध्वज को उतारा और तिरंगा लगा दिया। इसके विरोध में भारी संख्या में लोग पहुंच गए। प्रशासन ने लाठी चार्ज किया। प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ भाजपा और जेडीएस समेत हिंदू संगठन के सदस्य भी मैदान में उतर गए और विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन का कहना है कि जिस जगह पर स्तंभ बना हुआ है, वह सरकारी जमीन है। तभी तिरंगा लगाया है आपत्ती नहीं होना चाहिए।



देश की भलाई के लिए... उपराष्ट्रपति ने की प्रार्थना

तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में थिल्लई नटराज मंदिर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश की भलाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मैंने चिदंबरम थिल्लई नटराज मंदिर का दौरा किया और देश के सभी लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना की। भगवान नटराज हमारे मन से अज्ञानता और बुराई को दूर करें और इस ब्रह्मांड को शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दें।

सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे पर लगाई रोक, कहा

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला में हिंदू पक्ष दाखिल करे लिखित जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीर्थनगरी मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमीशन पर स्टे आदेश को अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हिंदू पक्ष को कहा है कि सभी पक्षकार अपने जवाब दाखिल करें। वहीं, मुस्लिम पक्ष की वादों की सुनवाई को कोर्ट तय करने संबंधी एसएलपी पर भी अगली तिथि पर सुनवाई करने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने दोपहर एक बजे करीब इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से एडवोकेट कमीशन पर लिखित जवाब मांगा। जवाब दाखिल न होने पर कोर्ट ने कहा कि अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी। तब तक शाही ईदगाह के एडवोकेट कमीशन के सर्वे के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रहेगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट में दाखिल वादों की सुनवाई जारी रहेगी। उनकी सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। सिर्फ एडवोकेट कमीशन के आदेश पर स्टे अप्रैल में होने वाली अगली सुनवाई तक जारी रहेगा।

महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि एडवोकेट कमीशन की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है। आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें।

हिंदू पक्ष अपने आवेदन की प्रार्थना को देखे, वाद में दिए गए कथन के आलोक में एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है। हिंदू पक्ष अपना जवाब दाखिल करे कि एडवोकेट कमीशन किस लिए चाहता है।सुप्रीम कोर्ट की पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे।

- अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी
- मुस्लिम पक्ष पर इन सबूतों को नष्ट करने का आरोप

हिंदू पक्ष ने दिया था यह तर्क

हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट में एडवोकेट कमीशन के मांग संबंधी आवेदन में हाईकोर्ट में तर्क दिया था कि शाही ईदगाह मस्जिद के एक हिंदू मंदिर होने के स्पष्ट संकेत हैं, जिसमें कमल के आकार का स्तंभ और भगवान कृष्ण से जुड़े हिंदू देवता शेषनाग की एक छवि शामिल है।

मामले में 1968 में हुए समझौते के तहत क्या हुआ था?

श्री कृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट के सहयोगी संगठन श्री कृष्ण जन्मभूमि सेवा संघ और शाही ईदगाह के बीच हुए इस समझौते में 13.37 एकड़ भूमि में से करीब 2.37 एकड़ भूमि शाही ईदगाह के लिए दी गई थी।

टीएमसी ने कहा-संभव ही नहीं

मैं गारंटी देता हूं, 7 दिन में लागू होगा सीएएः केंद्रीय मंत्री शांतनु

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के क्रियान्वयन की खबरों के बीच केंद्रीय जहाजरानी राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने बड़ा दावा किया है कि देश में अगले एक सप्ताह में सीएए लागू हो जाएगा।

बंगाल के बनगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि मैं ये गारंटी दे रहा हूं कि अगले सात दिनों में सिर्फ बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश में सीएए लागू होगा। दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक सार्वजनिक बैठक में उन्होंने यह दावा किया। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सीएए लागू करने को लेकर कोई संशय नहीं है। इससे पहले दिसंबर में बंगाल दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए को देश का कानून बताते हुए कहा था कि इसके लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व तृणमूल पर सीएए को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था। इधर, ठाकुर के दावे पर राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने फिर दोहराया कि राज्य में सीएए किसी हाल में लागू नहीं होगा।

अब ब्रिटिश फार्मा ने भी माना लिवर रोगों में गिलोय उपयोगी

हरिद्वार। गिलोय के हेपटेप्रोटेक्टिव (लिवर को स्वस्थ रखने को क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभाव को अब यूनाइटेड किंगडम ने भी स्वीकार किया है जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल "जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया है। यूके. के जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी ने यह स्वीकार किया है कि गिलोय पर अनुसंधान में पाया कि यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है, साथ ही गिलोय शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की भी वृद्धि करता है। गिलोय के प्रयोग को दैनिक (खाद्य के रूप में) प्रयोग करके अनेक रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

- शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक
- गिलोय कैंसररोधी, सूजनरोधी, रोगाणुरोधी, एंटीऑक्सीडेंट और अन्य गतिविधियां भी प्रदर्शित करता

उन्होंने बताया कि गिलोय का प्रयोग लिवर को सुरक्षा प्रदान करने वाले पूरक खाद्य के रूप में किया जा सकता है जिस अनुसंधान का सम्पूर्ण विवरण https://doi.org/10.1093/jpp/rgae013 से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने बताया कि गिलोय को परंपरागत रूप से रक्त शोधन व रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि के लिए प्राचीनकाल से ही गिलोय का प्रयोग किया जाता था।

'गिलोय एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है। अनुसंधान द्वारा इसकी क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए सीसी 14 मॉडल का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। इसके हेपेटप्रोटेक्टिव प्रभावों का श्रेय, एल्कलॉइड्स (बर्बेरिन, पामेटाइन और जेट्रोरिजिन) और सिनापिक एसिड को दिया जा सकता है। बर्बेरिन टीएनएफ द्वारा ट्रिगर किए गए, प्रिनफ्लेमेट्री कैस्केड को रोककर सूजन को कम करता है और आईएनओएस को रोककर नाइट्रोसेटिव तनाव को कम करता है। गिलोय कैंसररोधी, सूजनरोधी, रोगाणुरोधी, एंटीऑक्सीडेंट और अन्य गतिविधियाँ भी प्रदर्शित करता है। गिलोय को रासायनिक-मध्यस्थ हेपेटोयॉक्सिसिटी के इलाज के लिए उपयोग किए जाने वाले कई पॉलीहर्बल फॉर्मूलेशन में एक सक्रिय औषधीय घटक पाया गया है। आचार्य जी ने कहा कि आयुर्वेद को कुचलने का भरसक प्रयास किया गया किन्तु पतंजलि ने सदैव आयुर्वेद को गौरव प्रदान किया है। कोरोना काल में गिलोय को लेकर भ्रांति पैदा करने का प्रयास किया गया कि गिलोय के अधिक सेवन से लिवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है किन्तु पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर अनुसंधान कर उसे प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया। आचार्य जी ने कहा कि यह भी प्रासंगिक है कि कोरोना के खिलाफ प्रमुख औषधि कोरोनिल का एक प्रमुख घटक गिलोय है। पतंजलि के प्रयासों से आज दुनियाभर के वैज्ञानिक आयुर्वेद का लोहा मान रहे हैं।

खबर संक्षेप

बीपीसीएल के लाभ में 82 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत बढ़कर 3,181.42 करोड़ रुपये रहा है। उम्मीद से बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन और ईंधन बिक्री पर अधिक मार्जिन की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है।

सीएसबी बैंक के लाभ में चार फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। सीएसबी बैंक का शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (दिसंबर, 2023) में चार प्रतिशत घटकर 150 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल के निजी क्षेत्र के बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 156 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आमदनी आलोच्य तिमाही में बढ़कर 887 करोड़ रुपये हो गई।

गेल इंडिया का लाभ 10 गुना बढ़कर 2842 करोड़

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 10 गुना उछलकर 2,842.62 करोड़ रुपये हो गया। गैस परिवहन से लेकर पेट्रोरसायन तक सभी कारोबार क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से उसके शुद्ध लाभ में जोरदार बढ़ोतरी हुई है।

एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी दर्ज की गई

रिलायंस में खरीदी से सेंसेक्स में 1241 अंकों का उछाल, निवेशकों पर 6 लाख करोड़ की बारिश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ बीएसई सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ।

इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।

प्रमुख शेयरों में खरीदी से तेजी लौटी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हाल की बिकवाली तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बाद प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी लौटी। शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बावजूद अंतरिम बजट को लेकर निवेशकों के बीच भरोसा बना हुआ है...।'

निवेशकों की फेड व नीतिगत दर पर नजर

नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा महत्वपूर्ण है। नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम है लेकिन निवेशकों को एफओएमसी (फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी) की टिप्पिणयों पर नजर होगी।'

यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.68 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मॉलकैप 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

निफ्टी 385 अंक बढ़कर 21,700 अंक के पार



- रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक सात फीसदी की तेजी
- अंतरिम बजट को लेकर निवेशकों के बीच विश्वास बना हुआ

कच्चे तेल में रही मामूली गिरावट

अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को मिला-जुला रुख था।बाजार शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर बंद था। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83.40 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

बाजार पूंजीकरण हुआ 3,77, 20,679,19 करोड़

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा।

निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपए बढ़ी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ।

भारतीय अर्थव्यवस्था जीवंत ऊर्जा से लबरेज : बिड़ला

मुंबई। जाने-माने उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला ने सोमवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था जीवंत ऊर्जा से लबरेज है और 'वाउ' जैसी स्थिति (शानदार स्थिति) में है। सोशल मीडिया पर चल रहे 'वायरल मीम...लुकिंग लाइक ए वाउ' के आधार पर उन्होंने यह कहा है। बिड़ला ने नये साल के संदेश में कहा है कि राष्ट्र इस समय आत्मविश्वास से सराबोर है और यह साफ दिख रहा है। 'मीम' उस क्षण की 'अद्वितीय प्रकृति' को उकेरता है। बिड़ला ने कहा, 'जो वायरल मीम है, वह सही मायने में भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंत ऊर्जा को प्रतिबिंबित करता है और इस क्षण की अद्वितीय प्रकृति को दर्शाता है।' उद्योगपति ने कहा कि भले ही दुनिया का बड़ा हिस्सा निराशावाद में डूबा हुआ है, भारत अटूट आशावाद के साथ आगे बढ़ रहा है।

NOTICE

I, Vivek Kumar S/o Mr. Netra Pal Singh R/o M.N. 142, Lakshmibai Nagar, Rabupura, (Rural), Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-203209 declare that I have my Driving License No. Up1620190024639 Where is mention my guardians name Narendra Singh who is my elder brother. I have my election commission card where is mentioned my father's name Netra Pal Singh. Update my driving license with my father's name Netra Pal Singh.

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **नामालूम**, परिवार व पता **नामालूम**, उम्रः लगभग **30-35 वर्ष, जो दिनांक 24.01.2024** को **गोल चक्कर, कमला मार्केट सार्वजनिक शौचालय के अन्दर, नई दिल्ली** में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक एफआईआर सं./डीडी सं. **20ए+34ए**, दिनांक **24.01.2024 को थाना कमला मार्केट, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृतक के शव को 72 घंटे तक मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंगः पुरुष, **आयुः** लगभग 30-35 वर्ष, **कदः** 5' 7" फीट, **रंगः** गेंहुँआ, **चेहराः** लम्बूतरा, **शरीरः** दरमियाना, **बालः** काले बाल व लम्बी दाढ़ी, **पहनावाः** काले रंग की शर्ट व लोअर तथा नंगे पैर है।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:-

थाना प्रभारी
थानाः कमला मार्केट, दिल्ली
फोनः 011-22230623, 23233743
मोबाइलः 8750870424
DP/1078/CD/2024

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-23014046, 23015218
फैक्स नं.: 011-230111334

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मेन्द्र सिंह उर्फ टीटू पुत्र श्री महेश सिंह, निवासी– मकान नंबर 181, एमएलए वाली गली, ग्राम– बवाना, दिल्ली** ने **मुकदमा संख्या 362/2023 धारा 394/397/34 IPC & 25/27 of Arms Act अन्तर्गत थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मेन्द्र सिंह उर्फ टीटू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मेन्द्र सिंह उर्फ टीटू** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 362/2023 धारा 394/397/34 IPC & 25/27 of Arms Act अन्तर्गत थाना रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धर्मेन्द्र सिंह उर्फ टीटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा चौकर
अति. मुख्य महानगर दण्डाधिकारी,
(उत्तर पश्चिम)
कमरा नं0 101, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, नई दिल्ली

DP/1084/OD/2024 (Court Matter)

सोना 200 रुपए मजबूत, चांदी में भी 200 रुपए की तेजी

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की मजबूती के साथ 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी।

स्पाइसजेट को 900 करोड़ का वित्त पोषण मिला

नई दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस महीने 900 करोड़ रुपये के अधिक कोष के साथ अपने बेड़े के उन्नयन तथा लागत में कटौती के उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

बीएचईएल ने 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

नई दिल्ली। बीएचईएल ने देश भर में अपने सभी कार्यालयों में भारत का 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री कोप्पु सदाशिव मूर्ति ने नोएडा स्थित कंपनी की टाउनशिप में आयोजित एक समारोह में तिरंगा फहराया। समारोह में बीएचईएल के निदेशकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने समारोह में उपस्थित बीएचईएल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

मुकेश गुप्ता को मानद डॉक्टरेट

नई दिल्ली। अमेरिकन यूनिवर्सिटी **USA AUGP** ने ग्राफिस एड्स लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। एडवरटाइजिंग और इवेंट्स में उनके शानदार अनुभव और इस क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियों को ध्यान में रखकर यह सम्मान 28 जनवरी 2024 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में दिया गया। इस अवसर पर सांसद रमेश बिधूरी भी उपस्थित थे पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की एंटरटेनमेंट कमिटी के भी वो चेयरमैन हैं।

आईडीई बूटकैंप्स का दूसरा चरण शुरू दस नोडल सेंटर पर होगा आयोजन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीतारम ने आज एआईसीटीई मुख्यालय, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता (आईडीई) बूटकैंप्स' के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रोफेसर टी.जी. सीतारम ने कहा ये बूटकैंप युवा नवप्रवर्तकों के लिए एक ऐसा मंच है जहां विचारों और आइडिया को मूर्त रूप दिया जाता है। उन्हें क्रियान्वित किया जाता है। जहां रचनात्मकता को धरातल पर उतारा जाता है। जहां सपने वास्तविकता में तब्दील होते हैं। आईडीई बूटकैंप के दूसरे चरण का मुख्य उद्देश्य उद्यमशीलता की मानसिकता विकसित करना और युवाओं को अपने स्वयं के स्टार्टअप का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित करना है। दरअसल, आईडीई बूटकैंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को ध्यान में रखते हुये एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों के नवाचार, डिजाइन और उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना है। यह नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह भारत को नवाचार संचालित उद्यमों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ

7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

जॉब

☛फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाएं (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता WHATSAPP करें- 9241650814

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

धनु आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

मकर जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

कुंभ मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

मीन मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एमआई सीएडीए सिरसा	आउटलेट आरडी 13300-टेल सुरेरा माइनर पर वाटरकोर्स की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन + 4 कार्य।	बंद होने की तिथि 01.02.2024	383.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9781899554 xensrsacad@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24504/1/88/7 दि. 29.01.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एमसी सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में हैरिटेज बिल्डिंग पार्क कोट मोहल्ला में फुटपाथ के निर्माण हेतु आकलन + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 31.01.2024	253.09 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 ajaynirala45@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24505/1/88/7 दि. 29.01.24

शब्द पहेली - 5409



बाएँ से दाएँ
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

शब्द पहेली- 5408 का हल

अ	रा	ज	क	ता			म	वा	ली	
स	म		ल		चा	ला	न		ख	त
मा			प	ना	ह		न			म
न	ज	रा	ना			म		क	या	स
ता		व		ना	ला	य	क		प	
	प्रा	ण		म		खा		जा	न	
	रु		आ	ज	मा	ना		हि		म
स	प	ना		द			ब	ल	वा	न
र			स		ल	की	र			भा
ल	व		न	सी	ब		सा		दा	व
	ध	म	की			इ	त	भी	ना	न

सूडोकु नवताल - 5419

कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5418 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

© MANGAL SENACHA, BANGALORE

भारतीय डेविस कप टीम के लिए इस्लामाबाद में 'राष्ट्र प्रमुख' जैसी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

डेविस कप मुकाबले के लिए लगभग 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस देश की यात्रा करने वाले राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस कराने के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। पाकिस्तान टेनिस महासंघ सुरक्षा पहलू पर कोई समझौता नहीं करना चाहता है। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए यह स्थिति हालांकि थोड़ी कठिन हो सकती है। पीटीएफ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा अनुमोदित सुरक्षा योजना का पालन कर रहा है।

सुरक्षा की चार से पांच परतें

पीटीएफ के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है, इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। मैं इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक के रूप में, यात्रा के दौरान उनके साथ हूं।' भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

बम निरोधक दस्ता हर सुबह करेगी जांच

रहमान ने कहा, 'यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहती हैं। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करती हैं, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी।'

सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड, इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।

पाकिस्तान के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी

भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा को लेकर काफी हद तक निश्चित है, लेकिन यह स्पष्ट है कि खिलाड़ी सतर्क रहेंगे।भारत के एक खिलाड़ी ने कहा, 'हम यहां पहली बार हैं। हां, कुछ चीजें हैं जो आपके दिमाग में चलती हैं। हमने पाकिस्तान के बारे में सिर्फ बातें सुनी हैं, इसलिए एक छवि बन गई है। पाकिस्तान में कैसे हालात हैं, इसके बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमें दो दिन का समय दीजिए।'

500 प्रशंसकों को मिली अनुमति

पाकिस्तान ने अपनी ताकत के अनुरुप खेलने के लिए ग्रास कोर्ट को चुना लेकिन मेजबान टीम घरेलू परिस्थितियों का पूर्ण रूप से फायदा नहीं उठा पाएगी क्योंकि अधिकतम 500 प्रशंसकों को ही मैच देखने की अनुमति होगी। पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ऐसाम-उल-हक कुरैशी ने कहा, यह कठिन है। आईटीएफ ने हमें सुरक्षा कारणों से बहुत अधिक मेहमानों या दर्शकों की मेजबानी करने की अनुमति नहीं देता है। यह कुछ ऐसा है जिसे हमें मानना होगा।

मेजबानी सम्मान की बात

रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं।'पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिये। उन्होंने कहा, 'अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं, तो रेस्तरां में जाएं। मैं उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहूंगा। उन्होंने अचूक सुरक्षा मांगी है और इसलिए ऐसी व्यवस्था की है। यह अब भारतीय खिलाड़ियों पर निर्भर है।'

खबर संक्षेप

बुमराह को लगी फटकार एक डिमेरिट अंक जुड़ा

दुबई। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और उसकी वजह से अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का अपराध है। उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया क्योंकि 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर की है।

साबले, पारुल अमेरिका में करेंगे कठोर अभ्यास

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवानों अंशू मलिक और सरिता मोर को क्रमशः जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे।

निकहत, लवलीना स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे

नई दिल्ली। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन उन 19 मुक्केबाजों में शामिल है जो एक फरवरी से बुल्गारिया के सोफिया में शुरू होने वाले 'स्ट्रैंड्जा मेमोरियल' मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 'स्ट्रैंड्जा मेमोरियल' में भाग लेने वाली टीम फरवरी के आखिर में ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीम से अलग है।

हरियाणा की संजना ने भारोत्तोलन में जीता गोल्ड

चेन्नई। हरियाणा की संजना ने सोमवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अपने राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की सयाली वानी ने शानदार वापसी करते हुए लड़कियों के एकल टेबल टेनिस का स्वर्ण पदक हासिल किया। संजना ने 86 किग्रा के अपने पिछले स्नैच रिकॉर्ड में दो बार सुधार करते हुए 87 और 90 किग्रा का भार उठाया। वह क्लीन एवं जर्क के पहले और तीसरे प्रयास में क्रमशः 113 किग्रा और 116 किग्रा भार उठाने में सफल रही। महाराष्ट्र की ग्रीष्मा थोराट ने कुल 167 किलोग्राम वजन उठाकर रजत जीता। उत्तर प्रदेश के भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने भी लड़कों के 96 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए 160 किग्रा वजन उठाया।

क्रिकेट : भारत 2 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा दूसरा टेस्ट मुकाबला

टीम इंडिया को बड़ा झटका, जडेजा और राहुल बाहर, सरफराज की एंट्री

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को दो बड़े झटके लगे हैं। रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होकर दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी है। दूसरे टेस्ट की शुरुआत दो फरवरी से हो रही है। जडेजा को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, जबकि राहुल को क्वाड्रिसेप्स चोट की शिकायत है।बोर्ड ने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की निगरानी कर रही है। इसी के साथ चयन समिति ने इन दोनों के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। जडेजा और राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया के संकटमोचक के तौर पर उभरे थे। पहली पारी में राहुल ने 86 रन, जबकि जडेजा ने 87 रन बनाए थे। हालांकि, इन पारियों के बावजूद टीम इंडिया पहला टेस्ट हार गई थी।



भारतीय टेस्ट टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

सरफराज को नौ साल बाद मिली जगह

सरफराज पिछले कुछ सीजन में घरेलू क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट के लिए टीम चुनते वक्त उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। सरफराज ने दिसंबर 2014 में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था। उन्होंने 45 फर्स्ट क्लास मैचों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं। उन्होंने 14 शतक और 11 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें नाबाद 301 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। पिछले काफी समय से उनकी टीम में एंट्री की मांग की जा रही थी और अब यह मौका आ गया है।

सुंदर के चार टेस्ट में छह विकेट

वहीं, सुंदर भारत के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैं। इसमें उन्होंने छह विकेट लिए हैं। 89 रन देकर तीन विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा सुंदर ने 66.25 की औसत से 265 रन भी बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 96 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। सुंदर 26 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 55 विकेट लिए। 87 रन देकर छह विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। वहीं, उन्होंने 31.91 की औसत से 1085 रन भी बनाए हैं। 159 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है।

स्पिनर सौरभ आलराउंडर खिलाड़ी

30 साल के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पहले भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्यू नहीं कर सके हैं। वह 68 फर्स्ट क्लास मैचों में 290 विकेट ले चुके हैं। 64 रन देकर आठ विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा वह 27.11 की औसत से 2061 रन भी बना चुके हैं। 133 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो शतक और 12 अर्धशतक लगा चुके हैं।

मंदीप ने अमेरिका में जीता इंटरकान्टिनेंटल खिताब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन' का 'इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट' खिताब जीता। अपने पेशेवर करियर में अब तक अपराजित रहने वाले 30 साल के जांगड़ा ओलंपिक के पूर्व रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

मंदीप अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़ कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा। जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले जांगड़ा ने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। जांगड़ा ने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। फ्लोरिडा स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन' पेशेवर मुकाबलों के लिए मान्यता प्राप्त संस्था है।

हार भारत के लिए खतरे की घंटी

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि हैदराबाद टेस्ट में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए कि इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति धीमी पिचों पर भी प्रभावी है। इंग्लैंड ने पहली गेंद से ही आक्रमण की 'बैजबॉल' रणनीति अपनाने के बाद से एक भी टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। पहले टेस्ट में ओली पोप के 196 रन की मदद से उसने भारत को 28 रन से हराया। पोप ने रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को सहजता से खेला और भारतीय स्पिन तिकड़ी को दूसरी पारी में बेअसर कर दिया।

लाइर्स यूनिवर्सिटी अलवर ने माधव विव पिंडवाडा पर बड़ी जीत दर्ज की

- श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में नार्थ वेस्ट जोन इंटर विवि क्रिकेट टूनामेंट का आगाज
- 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए माधव यूनिवर्सिटी 69 रन पर सिमटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/झुंझुनू

श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में लाइर्स यूनिवर्सिटी अलवर ने माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा को 86 रन से रौंदते हुए बडी जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। विकास सीकरवार के शानदार अर्धशतक की बदौलत लाइर्स यूनिवर्सिटी ने 8 विकेट खोकर 155 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन विकास के पंजे की बदौलत माधव यूनिवर्सिटी की टीम 69 रन पर सिमट गई। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ और श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से शुरू हुई नार्थ वेस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला ने किया। इस टूर्नामेंट में राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा की 58 यूनिवर्सिटी की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला लाडर्स यूनिवर्सिटी अलवर और माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा के बीच खेला गया। लाइर्स यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विकास सीकरवार के शानदार अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। लाइर्स यूनिवर्सिटी की ओर से विकास सीकरवार ने 52 गेंद पर 8 चैके व एक छक्के के साथ 69 रन बनाए, जबकि श्याम ने 32 गेंद पर 31 रन, आयुष त्यागी ने 23 गेंद पर 21 रन बनाए। माधव यूनिवर्सिटी की ओर से ललित ने 3 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट और जयंती ने 1 ओवर में 4 रन देकर 2 विकेट चटकाए। 156 के लक्ष्य का पीछे करने उतरी माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा की टीम के ओपनर बल्लेबाज मोहित ने पहले ओवर में ही एक चौके व छक्के के साथ अपने इरादे जाहिर कर दिए। लेकिन दूसरे ओवर में विकास ने मोहित समेत तीन बल्लेबाजों के विकेट चटकाते हुए मैच का रूख ही बदल दिया। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सागर गौतम ने अंत तक एक छोर संभालते हुए 38 रन बनाए, लेकिन विकास और आयुष की घातक गेंदबाजी के आगे दूसरे छोर पर बल्लेबाज टिक नहीं पाए और माधव यूनिवर्सिटी की पूरी टीम 14.3 ओवर में 69 रन पर सिमट गई।

सोनम ने विश्व कप में डेब्यू के साथ जीता रजत पदक

काहिरा। पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्र के पहले विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

मनिंदर सिंह ने दागे चार गोल

हॉकी-5 विश्व कप : भारत ने जमैका को 13-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ मस्कट

मनिंदर सिंह के चार गोल की मदद से भारत ने जमैका को तीसरे और आखिरी पूल मैच में 13-0 से हराकर एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मनिंदर ने दूसरे मिनट में दो गोल करने के बाद 28वें और 29वें मिनट में गोल दागे। ये चारों फील्ड गोल थे। इसके अलावा मनजीत (पांचवां और 24वां), राहील मोहम्मद (16वां और 27वां) और मनदीप मोर (23वां और 27वां) ने दो दो गोल किए जबकि उत्तम सिंह (पांचवां), पवन राजभर (नौवां) और गुरजोत सिंह (14वां) ने एक एक गोल किया। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक हॉकी दिखाई और मनिंदर सिंह ने लगातार दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम और मनजीत के एक एक गोल से पहले छह मिनट में स्कोर 4-0 हो गया। अच्छी बढ़त बनाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने हमले बोलना बंद नहीं किया। पवन ओर गुरजोत ने गोल करके हाफटाइम तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी यही कहानी रही और गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत काफी आगे रहा। राहील, मनदीप, मनजीत और मनिंदर ने गोल करके भारत को बड़ी जीत दिलाई।

भारत ने घोषित की 23 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली। भारत के मुख्य कोच शुक्ला दत्ता ने शुक्रवार से ढाका में होने वाली सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय टीम घोषित की। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश के लिए रवाना होगी और अपना पहला मैच दो फरवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम चार फरवरी को बांग्लादेश जबकि छह फरवरी को नेपाल से भिड़ेगी। फाइनल आठ फरवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच ढाका के बीएसएसएस मुस्तफा कमाल स्टेडियम में होंगे।

अंडर 19 विश्व कप : टीम इंडिया ने दर्ज की है लगातार तीन जीत

भारत का सुपर सिक्स में न्यूजीलैंड से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ ब्लोमफोंटेन

लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैंपियन भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो नजरें जीत की लय कायम रखने पर लगी होंगी। ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि इसी मैदान पर अगला मैच खेलना है जहां उसने तीनों मैच जीते हैं।

वहीं न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसे हालात के अनुरुप ढलना होगा। भारत ने बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराया है। पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ परेशानी आई लेकिन बाकी दोनों मैचों में भारत ने शानदार जीत दर्ज की।

फार्म में भारतीय बल्लेबाज

भारत के लिए हर मौके पर एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने लगातार अच्छी पारियां खेली है। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक समेत सर्वोच्च रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। आदर्श सिंह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास शतक के बाद बढ़ा होगा। कप्तान उदय सहारन ने भी अच्छी पारियां खेली हैं और वह इसे कायम रखना चाहेंगे।

जूझ रहा न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रहा लेकिन उसके बल्लेबाज जूझते दिखाई दिए। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे एक विकेट से जीत मिली जबकि पाकिस्तान ने उसे 10 विकेट से हराया। भारतीय बल्लेबाजों के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी बड़ा स्कोर बनाना होगा। दोनों टीमों की नजरें नेट रनरेट पर भी होंगी।

अरब सागर में नौसेना का बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन, डाकुओं को खदेड़ा

आईएनएस 'सुमित्रा' ने सोमाली समुद्री डाकुओं से मछुआरों को सुरक्षित बचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचा लिया।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान को सोमाली समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया है। समुद्री लुटेरों को निहत्था कर दिया गया है और सोमालिया की ओर भाग जाने के लिए कहा गया है।

वहीं आईएनएस सुमित्रा अब इलाके से बाहर निकल आई है। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। रक्षा अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। वहीं इससे पहले भारतीय रक्षा अधिकारियों ने कहा था कि अरब सागर में नौसेना की एक्शन जारी है। नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाने की कोशिश कर रहा है। लगभग 17 क्रू सदस्यों वाले ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज एमवी इमान को सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

खास बातें

- समुद्री डाकुओं को दी भागने की चेतावनी, अरब सागर में नौसेना का एक्शन जारी
- ईरान का झंडा लगे जहाज एमवी ईमान का सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था

युद्धपोत पर मौजूद ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों तरफ से घेरा

समुद्री लुटेरों ने चालक दल को बनाया बंधक

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि सोमलिया के पूर्वी तटों और अदन की खाड़ी में ऐसे अभियानों के लिए तैनात आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के झंडे लगे मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान के अपहरण के संबंध में सूचना पर कार्रवाई की। जहाज पर समुद्री लुटेरे चढ़ गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था। मधवाल ने बताया कि आईएनएस सुमित्रा ने जहाज को रोका और समुद्री लुटेरों को चालक दल जलपोत की सुरक्षित रिहाई के लिए बाध्य करने के वास्ते एसओपी के अनुरूप कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जहाज पर चालक दल के सभी 17 सदस्यों और अन्य लोगों को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

नौसेना की सख्त चेतावनी का दिखा असर

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है। रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी नौसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर फोटो शेयर कर जानकारी दी है। बता दें कि व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में अग्रिम पंक्ति के विध्वंसक और पोत तैनात करके अपने निगरानी तंत्र को काफी बढ़ा दिया है।

समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय जहाज तैनात

मधवाल ने कहा कि मिशन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय नौसैनिक जहाजों को तैनात किया है जो समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प का प्रतीक है।

सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक'

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' का प्रारंभिक संस्करण सोमवार को राजस्थान के महाजन में शुरू हुआ।

45 रक्षा कर्मियों वाले सऊदी अरब के सैन्य दल का नेतृत्व रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेस और भारतीय सेना की टुकड़ी में भी 45 सैन्यकर्मी शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। अभ्यास की इस अवधि में सचल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, घेरा डालना और खोज अभियान, हाउस इंटरवेंशन ड्रिल, रिफ्लेक्स शूटिंग, स्लिथरिंग और स्नाइपर फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा।

पाकिस्तान के खिलाफ पीओके में प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ गिलगित बाल्टिस्तान

पाकिस्तान के अत्याचारों और महंगाई के खिलाफ गुलाम जम्मू कश्मीर (पीओके) के लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने मुजफ्फराबाद प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन किया। तौकीर गिलानी ने कहा कि पाकिस्तान अत्याचार कर

रहा है। क्षेत्र के नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया है।

संस्कृतियों और परंपराओं को नष्ट किया जा रहा है। पाकिस्तान सरकार हमारी बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। वहीं, प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि हमारे पास न बिजली है और न ही स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। कई मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही मर जाते हैं। साफ पेयजल भी नहीं मिल रहा। इंटरनेट को बंद कर दिया गया है। मौलिक अधिकार छीन लिए गए है।

बड़ी मुश्किल में राष्ट्रपति, भारत से तनाव पड़ा भारी

चीन समर्थक मुइज्जू की जाएगी कुर्सी, विपक्ष लाएगा महाभियोग

चीनी जासूसी जहाज को माले में डॉक करने की अनुमति देने पर विपक्ष हमलावर

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मालदीव में मुख्य विपक्षी दल ने राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने की योजना बनाई है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के पास संसद में बहुमत है और महाभियोग दाखिल करने के लिए सांसदों के हस्ताक्षर लेना शुरू कर दिया है। एक चीनी जासूसी जहाज को सरकार द्वारा माले में डॉक करने की अनुमति दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति मुइज्जू पर उनके चीन समर्थक रुख के लिए हमला बोला है।

संसद में हंगामे के बाद बनाई योजना

दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। इससे विपक्ष को एकजुट होने का मौका मिल गया और सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सभी ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। हालांकि अभी इसे जमा नहीं किया है।

शपथ के बाद यह कारनामे रहे चर्चा में

45 वर्षीय मुइज्जू ने राष्ट्रपति के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। शपथ के तुरंत बाद, मुइज्जू ने भारत से अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का ऐलान किया था। 87 सदस्य वाली मालदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए संशोधन किया था। एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

पुतिन को राष्ट्रपति चुनाव में कड़ी टक्कर देंगे बोरिस नादेजदीन

एजेंसी ▶▶ मास्को

यूक्रेन से युद्ध के बीच पुतिन को राष्ट्रपति चुनाव में 60 वर्षीय बोरिस नादेजदीन बड़ी चुनौती पेश करने को तैयार हैं, जिसे हजारों लोग समर्थन दे रहे हैं। विपक्ष ने भी बोरिस से नामांकन भरने की मांग की है। बोरिस ने कई वादे किए हैं। यूक्रेन में संघर्ष समाप्त करने, पुरुषों को जंग में ढकेलने से रोकने और पश्चिम के साथ बातचीत करने की वकालत

करने वाले नादेजदीन की बातों ने जनता को काफी प्रभावित किया है। यही कारण हैं कि हजारों रूसी उनका समर्थन कर रहे हैं।

कतारों में लगे लाखों रूसी

उन्होंने अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में 1,80,000 हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। जिससे उन्हें मार्च में होने वाले आगामी राष्ट्रपति चुनाव में खड़े होने के लिए कम से कम 40 अलग-अलग रूसी क्षेत्रों से 100,000 हस्ताक्षरों की आवश्यकता पूरी हो गई है। गौरतलब है कि हस्ताक्षर के लिए लोगों की कतारें उस देश में एक दुर्लभ प्रदर्शन है।

समझाया स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब

चंद्रचूड़ बोले- न्याय देते वक्त न हो कोई राजनीतिक दबाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब केवल कार्यपालिका और विधायिका से विलगाव होना भर नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी है। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को संविधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उच्चतम न्यायालय में एक रस्मी पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे।

चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान एक स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए कई संस्थागत सुरक्षा उपाय करता है जैसे कि एक निश्चित सेवानिवृत्ति की आयु और उनकी नियुक्ति के बाद न्यायाधीशों के वेतन में बदलाव पर रोक। उन्होंने कहा कि हालांकि, ये संवैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतंत्र न्यायपालिका सुनिश्चित करने के लिए अपने आप में पर्याप्त नहीं हैं।

अपेक्षाएं पूरी करने में कई चुनौतियां आईं

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय करने की कला सामाजिक और राजनीतिक दबाव और पूर्वाग्रहों से मुक्त होनी चाहिए। इस अदालत ने पिछले 75 वर्षों में लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना किया है। न्यायालय ने कई वर्षों के दौरान सिद्धांतों की अपनी समझ तैयार की है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में इस अदालत ने लंबित मामलों की संख्या कम करने की दिशा में सकारात्मक रुख अपनाया है।

गृह मंत्री शाह कंप्यूटरीकरण परियोजना का आज करेंगे शुभारंभ

देश के सभी राज्यों के एआरडीबी और आरसीएस कार्यालय होंगे कंप्यूटरीकृत

लक्ष्यः 13 राज्यों के एआरडीबी की 1851 इकाइयां कंप्यूटरीकृत करना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 30 जनवरी को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) की कम्प्यूटरीकरण परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

यह परियोजना पूरे सहकारी इकोसिस्टम को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाकर सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण और दक्षता को बढ़ाएगी। कार्यक्रम में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 1200 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। एआरडीबी की कम्प्यूटरीकरण परियोजना का लक्ष्य 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित एआरडीबी की 1851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत करना और उन्हें एक सामान्य राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर के माध्यम से नाबार्ड से जोड़ना है।

सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड कर डिजिटल सेवाएं शुरू

केवल इतना ही नहीं देशभर में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में ऑनबोर्ड कर डिजिटल सेवाएं शुरू करने में भी सक्षम बनाया जा रहा है। अब तक 50,000 से अधिक पीएसीएस, सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड हो चुके हैं और 30,000 से अधिक ने सेवाएं देना भी शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, सहकारिता मंत्रालय ने एक नया राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस स्थापित किया है, जिसमें 8 लाख से अधिक सहकारी समितियों का डेटा उपलब्ध है और इस डेटाबेस को जल्द ही लॉन्च कर इसे सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

रक्षा सचिव आज ओमान की यात्रा पर होंगे रवाना

भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने 30 और 31 जनवरी को ओमान का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान रक्षा सचिव, ओमान के रक्षा मंत्रालय के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन नसीर बिन अली अल-जाबी के साथ 12वीं संयुक्त सैन्य सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान गिरिधर अरमाने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उद्योग सहयोग जैसी नई पहलों की संभावना को तलाशेंगे। इस दौरान दोनों नेता साझे हितों वाले क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109